दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 05 | टोंक | मंगलवार,06 अगस्त, 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष द्वितीया संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# प्रदेश में झमाझम



## पहाड़ टूटकर ट्रैक पर गिरा, मालगाड़ी पटरी से उतरी हॉस्पिटल में पानी भरा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के ऊपर बने डीप डिप्रेशन के चलते सोमवार को अजमेर, पाली, राजसमंद, जालौर, सिरोही, नागौर, जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर सहित कई जिलों में अतिभारी बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश पाली में 10 इंच दर्ज की गई। वहीं, हिण्डोली में 8.5 और बूंदी में 7.5 इंच बारिश हुई। भारी बारिश के चलते शहर जलमग्न हो गए। इस दौरान बाढ़ के से हालात बन गए। पानी का बहाव इतना तेज था कि उसमें वाहन तक बहने लग गए। इसके अलावा शहरों में मकान ढह गए। कई मवेशी मर गए। ट्रेनें रुक गई और शहरों में मार्ग अवरूद्ध हो गए। हालात ऐसे बन गए कि स्थिति संभालने में जिला प्रशासन के भी हाथ-पैर फूल गए। इधर प्रदेश में बारिश से हुए हादसों में नौ जनों की मौत हो गई।

### केकड़ी व ब्यावर में बारिश का कोहराम

अजमेर समीपवर्ती केकड़ी व ब्यावर जिले में बीते दो दिन से हो रहे झमाझम बारिश से जगह मकान धराशायी हो ऐतिहासिक किलों के बुर्ज गिरने के भी समाचार मिले हैं। भिनाय में दो दिन में 124 एमएम बरसात दर्ज की गई। समीपर्ती ग्राम एकलसिंगा में एक महिला की मृत्यु हो गई, वहीं क्षेत्र में कच्चे व जीर्ण-शीर्ण मकान ढह गए। केकड़ी के समीपवर्ती ग्राम मंडा में कच्चे मकान की दीवार भरभरा कर ढह गई। मलबे में दबकर वहां बंधी 25 बकरियों की मौत हो गई। सरवाड़ के समीपवर्ती ग्राम श्रीरामपुरा में बारिश से ढ़हे मकान के मलबे में दबने से युवती की मौत हो गई। ग्राम देवगांव में बरसात के दौरान किले का एक बुर्ज गिर जाने से एक भैंस एवं दो बछड़ों की मलबे में दबने से मौत हो गई।

### पाली व सोजत में अतिवृष्टी, शहर जलमग्न

पाली जिले की सोजत व पाली तहसील में इतना पानी बरसाया कि हर क्षेत्र जलमग्न हो गया। सुबह आठ बजे तक 83 एमएम तो उसके बाद दो बजे तक 240 एमएम (करीब दस इंच बरसात) पानी बरसा दिया। बरसात में परशुराम महादेव हंजावाव रपट से एक युवक बह गया। उसका शव तीन किमी दूर झाड़ियों में फंसा मिला। चेन्नई जोधपुर एक्सप्रेस बोमादड़ा व जोधपुर-साबरमती वंदेभारत ट्रेन को केरला स्टेशन पर रोकना पड़ा। जिले के लालपुर के पास में डीएफसी रेलवे ट्रेक पर बरसात के कारण चट्टाने गिर गई। इससे एक मालगाड़ी के इंजन व डिब्बों के पहिए ट्रेक से उतर गए।

### बूंदी जिले में 24 घंटे में जिले में 799 एमएम बारिश, बाढ़ के हालात

बूंदी शहर में रविवार रात हुई मूसलाधार बारिश से बाजारों में जलजला आ गया। बाजारों में आया पानी का तेज बहाव अपने साथ दर्जनों कारें और दुपहिया वाहन बहा ले गया। निचले इलाकों में बाढ़ के हालात हो गए। कई कॉलोनियों में घरों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया।सबसे ज्यादा हिण्डोली में साढ़े आठ इंच और बूंदी में साढ़े सात इंच बरसात हुई। लगातार बारिश से नदी-नाले उफन गए। जिले में करीब दो दर्जन मार्ग अवरुद्ध हो गए। कई कच्चे मकान ढह गए। सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटे में जिले में 799 एमएम बारिश दर्ज की गई।

## तेज बारिश में फैक्ट्री की दीवार ढही : 13 श्रमिक मलबे में दबे, तीन की मौत; कोटा और एमपी के हैं रहने वाले



**जोधपुर।** जोधपुर के बोरानाड़ा थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक फैक्ट्री की दीवार ढह गई। दीवार के मलबे में करीब 13 श्रमिक दब गए, जिनमें से तीन श्रमिकों की मौत हो गई। अन्य श्रमिकों को मलबे से निकालकर एमडीएम हॉस्पिटल भिजवाया गया है। जहां उनका उपचार जारी है।

दो श्रमिकों के शव को एम्स हॉस्पिटल की मॉच्यूरी और एक श्रमिक का शव एमडीएम की मॉच्यूरी में रखवाया गया है। बताया जा रहा है सभी मजदूर कोटा और मध्यप्रदेश के रहने वाले है। जानकारी अनुसार रविवार रात से जोधपुर में बारिश का दौर चल रहा है।

ऐसे में बोरानाड़ा थाना क्षेत्र के सालावास रोड पर महालक्ष्मी टिम्बर नाम से संचालित होने वाली एक फैक्ट्री की दीवार सुबह चार बजे अचानक से ढह गई। दीवार के पास दूसरी फैक्ट्री के श्रमिक खड़े थे। इनमें से 13 श्रमिक मलबे के नीचे दब गए। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस व अन्य लोग भी मदद के लिए मौके पर पहुंच गए और श्रमिकों को मलबे से बाहर निकाला गया। हादसे में तीन श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य घायल श्रमिकों का एम्स हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। इनमें से एक श्रमिक की हालत गंभीर बनी हुई है। डीसीपी राजेश यादव ने बताया कि दीवार ढहने से कोटा व प्रतापगढ़ के रहने वाले नंदू, सुनिता व मंजू की मौत हो गई है। वहीं हादसे में पांचूराम, संजय, मांगी, पवन, शांती, दिनेश व हरिराम घायल यह श्रमिक राजस्थान व मंध्यप्रदेश के रहने वाले है।

## हिंसा के बाद बांग्लादेश पीएम हसीना का इस्तीफा, देश छोड़ा

### गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर लैंड हुआ उनका विमान; पीएम आवास में घुसे प्रदर्शनकारी



बढ़ता राजस्थान। एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में 2 महीने से चल रहे आरक्षण विरोधी छात्र आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार, 5 अगस्त को पद से इस्तीफा दे दिया। हिंसक माहौल के चलते शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। वे सेना के विमान से रवाना हुईं। खबरों के मुताबिक उनकी बहन रेहाना भी साथ हैं। वे बंगाल के रास्ते दिल्ली पहुंच गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका विमान गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर उतर गया है। उसके बाद वे लंदन, फिनलैंड या दूसरे देश जा सकती हैं। बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने कहा, हम अंतरिम सरकार बनाएंगे, देश को अब हम संभालेंगे। आंदोलन में जिन लोगों की हत्या की गई है, उन्हें इंसाफ दिलाया जाएगा। इससे पहले पड़ोसी देश श्रीलंका में आर्थिक संकट के बाद राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे की सरकार के खिलाफ हिंसक आंदोलन हुआ था। जुलाई 2022 में ऐसी स्थिति बनी थी। लोग सरकार के खिलाफ सड़कों पर थे और राष्ट्रपति भवन में घुस गए थे।
प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री आवास में दाखिल हुए। तोड़फोड़ और आगजनी की।राजधानी ढाका में 4 लाख लोग सड़कों पर हैं, जगह-जगह तोड़फोड़ की जा रही है। पुलिस-प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में सोमवार को 6 लोग मारे गए। प्रदर्शनकारियों ने 2 हाईवे पर कब्जा किया। अब तक 300 लोगों की जान गई है।

## विधानसभा में कांग्रेस विधायक धरने पर बैठे

### मार्शलों से हुई धक्का-मुक्की, मारपीट; महिला एमएलए की चूड़ियां टूटीं; सदस्य मुकेश भाकर बजट सत्र से निलंबित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर को विधानसभा के बजट सत्र की शेष कार्यवाही से निलंबित कर दिया है। भाकर पर सोमवार को सदन में हंगामे के दौरान स्पीकर वासुदेव देवनानी की तरफ गलत इशारे करके दुर्व्यवहार करने का आरोप है। सस्पेंड करने के बाद मार्शल बुलाकर जब विधायक भाकर को बाहर निकाला जाने लगा तो कांग्रेस विधायकों ने घेरा बना लिया। इसके बाद मार्शल और कांग्रेस विधायकों के बीच धक्का-मुक्की-हाथापाई हो गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। विपक्ष के विधायक अब भी सदन के अंदर मौजूद है। विधानसभा में मार्शलों और कांग्रेस विधायकों की धक्का-मुक्की में वरिष्ठ विधायक हरिमोहन शर्मा जमीन पर गिर गए। कई और विधायक भी गिर गए। विधायक अनिता जाटव की मार्शलों से धक्का-मुक्की में चूड़ियां टूट गईं।

### मुख्य सचेतक ने रखा भाकर के निलंबन का प्रस्ताव

इससे पहले सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने भाकर के निलंबन का प्रस्ताव पेश किया, जिसे पारित करवा दिया। प्रस्ताव पारित होते ही स्पीकर ने मार्शल को मुकेश भाकर को सदन से निकालने का आदेश दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही को आधे घंटे के लिए 3 बजकर 29 मिनट तक के लिए स्थगित कर दी। साढ़े 3 बजे कार्यवाही आधे घंटे के लिए फिर स्थगित कर दी गई थी। कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर पर हंगामे के दौरान स्पीकर का अपमान करने का आरोप है। इस पर स्पीकर ने ही सबसे पहले सवाल उठाते हुए प्रस्ताव लाने को कहा था। स्पीकर ने कहा कि सदन चले या न चले, लेकिन इस तरह का बर्ताव बर्दाश्त नहीं होगा।

## एमसीडी में सीधे पार्षद नियुक्त कर सकते हैं एलजी

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- पार्षदों को मनोनीत करने के लिए दिल्ली सरकार से सलाह जरूरी नहीं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में 10 मेंबर नॉमिनेट करने के उपराज्यपाल (एलजी) के फैसले को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह की आवश्यकता नहीं है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने कहा कि एमसीडी में सदस्यों को नामित करने की एलजी की वैधानिक शक्ति है, न कि कार्यकारी शक्ति। सुप्रीम कोर्ट ने उपराज्यपाल के 10 एल्डरमैन नियुक्त करने के फैसले को बरकरार रखा है।

## तीज पर जयपुर में आधे दिन की छुट्टी : सरकार ने जारी किए आदेश, दोपहर 1.30 बजे बाद बंद हो जाएंगे सरकारी ऑफिस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में तीज के अवसर पर सरकार ने आधे दिन की छुट्टी का ऐलान किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसके आदेश जारी किए है। इस आदेश के मुताबिक जयपुर शहर के सभी सरकारी ऑफिसों में दोपहर 1.30 बजे बाद अवकाश रहेगा। आदेशों के मुताबिक तीज पर निकलने वाली भव्य सवारी और मेले को देखते हुए ये निर्णय किया है। जयपुर के चारदीवारी एरिया में तीज माता की सवारी निकाली जाती है। सालों पुरानी इस परम्परा को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग चारदीवारी स्थित त्रिपोलिया गेट आते है। इस आदेश में सरकारी ऑफिसों के अलावा सभी स्कूलों में भी आधे दिन की छुट्टी का एलान किया है।

## अमेरिका में मंदी की आशंका से सेंसेक्स 2,222 अंक गिरा

### 78,759 के स्तर पर बंद, मार्केट कैप 16 लाख करोड़ घटा; जापानी मार्केट 12.40% टूटा

बढ़ता राजस्थान। एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिका में मंदी की आशंका के चलते हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार 5 अगस्त को सेंसेक्स 2,222 अंकों (2.74%) की गिरावट के साथ 78,759 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 662 अंक (2.68%) की गिरावट रही। यह 24,055 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में निफ्टी रियल्टी, मेटल, सरकारी बैंक और मीडिया इंडेक्स में 4% से ज्यादा की गिरावट रही। वहीं ऑटो, आईटी, और ऑयल एंड गैस इंडेक्स 3% से ज्यादा गिरे। सेंसेक्स के टॉप लूजर्स में टाटा मोटर्स, अडाणी पोर्ट, टाटा स्टील, एसबीआई और पावर ग्रिड रहे।

### मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी करीब 4% टूटा

बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1,718 अंक (3.60%) की गिरावट के साथ 45,956 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं स्मॉलकैप इंडेक्स 2,297 अंक टूटा है। ये 4.21% गिरकर 52,331 के स्तर पर आ गया। बीएसई लार्जकैप इंडेक्स 2.77% गिरकर बंद हुआ।




### बाजार में गिरावट के 5 कारण, अमेरिका में मंदी की आशंका बड़ी वजह

ईरान और इजराइल के बीच युद्ध की आशंका के कारण ग्लोबल मार्केट में निगेटिव सेंटिमेंट है। इसी का असर भारतीय शेयर बाजार में भी देखने को मिला है। अमेरिका में मंदी की आशंका बढ़ गई है, जिसके कारण पिछले कारोबारी दिन अमेरिकी बाजार में गिरावट रही। इसका असर दुनियाभर के बाजारों में दिख रहा है। वॉरेन बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे ने एपल में अपनी 50% हिस्सेदारी बेच दी है। वे अब कैश बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं। अन्य बड़े निवेशक भी सेलिंग कर रहे हैं। भारतीय शेयर बाजार के मौजूदा वैल्यूएशन बढ़े हुए हैं। खासकर मिड और स्मॉल-कैप सेगमेंट में। बाजार में इस कारण अच्छा-खासा करेक्शन दिख सकता है। बैंक ऑफ जापान ने अपनी ब्याज दर 0% और 0.1% से बढ़ाकर 0.25% कर दी है। ये 15 सालों में उच्चतम स्तर है। इससे भी ग्लोबल सेंटीमेंट कमजोर हुए हैं।



## सम्पादकीय

### आर्थिक तरक्की के रास्ते में चुनौतियां


विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए उनकी विकास यात्रा में सबसे बड़ा जोखिम मध्यम आय स्तर पर अटक जाना है, जिसे अर्थशास्त्री मध्यम आय जाल कहते हैं। पिछले हफ्ते जारी विश्व बैंक के एक नए अध्ययन में इस चुनौती को उजागर किया गया है। इसमें चीन, भारत, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और वियतनाम जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं सहित 108 ऐसे देशों को 'मध्यम आय वाला देश' कहा गया है जिनकी प्रति व्यक्ति आय 1,136 से 13,845 डॉलर के बीच है और जो अगले दो या तीन दशकों में उच्च आय वाले दर्जे में पहुंचने के लिए प्रयासरत हैं। हालांकि, विश्व बैंक के अर्थशास्त्रियों ने वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में 40 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाले इन देशों को आगाह किया है कि उनकी आर्थिक तरक्की का पहिया अपेक्षा के अनुरूप तेजी से गति नहीं पकड़ रहा बल्कि आय के स्तर में बढ़त के साथ सुस्त पड़ता जा रहा है।

विश्व बैंक के अनुमानों के मुताबिक (सोलो-स्वान विकास मॉडल पर आधारित) ज्यादातर मध्यम आय वाले देशों को साल 2024 से 2100 के बीच उल्लेखनीय आर्थिक सुस्ती का सामना करना पड़ेगा। यह मॉडल यह संकेत देता है कि पूंजी संचय पर अत्यधिक निर्भर विकास रणनीतियां, जो कि निम्न आय और यहां तक कि कम मध्यम आय वाले चरण में भी प्रभावी थीं, अब कम लाभ दे रही हैं। जैसे-जैसे पूंजी की सीमांत उत्पादकता घटती जाएगी, अकेले संचय जैसे कारक पर निर्भरता उत्तरोत्तर कमजोर नतीजे दिखाने लगेगी। इसके अलावा इस शताब्दी के पहले दो दशकों में इन देशों में औसत वार्षिक आय वृद्धि करीब एक-तिहाई घट गई और यह 2000 के दशक के 5 फीसदी से घटकर 2010 के दशक में 3.5 फीसदी रह गई। इसमें तेज सुधार की गुंजाइश भी कम दिख रही क्योंकि मध्यम आय वाले देशों को कई चुनौतियों का सामना करना होगा, जिनमें भू-राजनीतिक तनाव में बढ़त, बढ़ता संरक्षणवाद, सरकारी हस्तक्षेप को सीमित करने वाला सार्वजनिक कर्ज, बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और ऊर्जा परिवर्तन तथा जलवायु वित्तपोषण के लिए अतिरिक्त खर्च शामिल हैं। इस अध्ययन के अंतर्निहित निष्कर्ष इस पर भी रोशनी डालते हैं कि साल 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य हासिल करने की राह में भारत के सामने क्या चुनौतियां आने वाली हैं। विश्व बैंक के अनुसार, साल 2023 में 2,484.8 डॉलर प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के साथ भारत को एक निम्न मध्यम आय वाले देश की श्रेणी में रखा गया है। भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है, इसके बावजूद अगर मौजूदा रुझान जारी रहे तो भी अमेरिका के एक चौथाई के बराबर भी प्रति व्यक्ति आय हासिल करने में इसे अभी 75 साल लग जाएंगे। यह अनुमान इस बात को रेखांकित करता है कि भारत के लिए आर्थिक तरक्की की राह में किस तरह की कठिन चुनौतियां आने वाली हैं और इस पर भी प्रकाश डालता है कि स्थायी विकास को सुनिश्चित करने के लिए किस तरह के रणनीतिक सुधारों की जरूरत है। साल 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यह जरूरी है कि भारत अपने प्रगति के मार्ग में अहम बदलाव करे, जिसके लिए गहन आर्थिक, सामाजिक और संरचनात्मक बदलाव आवश्यक होंगे। पुरानी पड़ चुकी रणनीतियों और मॉडलों की जगह लगातार नवीन और अद्यतन दृष्टिकोण को अपनाया जाए।

# नये अधिनियम से सरकार घटाने जा रही हैं वक्फ बोर्ड की बेहिसाब ताकतों को !

**बीते कुछ सालों में वक्फ बोर्ड से जुड़ी खबरों की बाढ़ सी आ गई थी। मामला सोशल मीडिया के गलियारों से निकल लोकतंत्र के मंदिर यानी संसद की चौखट पर पहुंच गया। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। एक ओर वक्फ बोर्ड की मनमानियों के चर्चे हैं, दूसरी ओर इसके पैरोकार संशोधन होने पर आर-पार की चेतावनी दे रहे हैं। कुछ कट्टरपंथी तो इतना भड़के हैं कि मानो ईंट से ईंट बजा देने की धमकी दे रहे हों। ऐसे में यह जानना जरुरी है कि वक्फ प्रॉपर्टी क्या होती है? और सरकार अपने बिल में ऐसा क्या संसोधन करने जा रही है कि बवाल मचा है।**

**अशोक भाटिया**




केंद्र की एन डी ए सरकार वक्फ बोर्ड अधिनियम में बड़े संशोधन करने के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अधिनियम में लगभग 40 संशोधनों को मंजूरी दे दी है, जिसे वक्फ बोर्ड की शक्तियों को फिर से परिभाषित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि केंद्र सरकार वक्फ़ बोर्ड की किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति बनाने की शक्तियों पर अंकुश लगाना चाहती है। 40 प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार वक्फ़ बोर्डों द्वारा संपत्तियों पर किए गए दावों का अनिवार्य रूप से सत्यापन किया जाएगा। सरकार के इस कदम का मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने विरोध किया है और कहा है कि वक्फ बोर्ड की कानूनी स्थिति और शक्तियों में किसी भी तरह का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में वक्फ एक्ट में 40 बदलाव पर चर्चा हो चुकी है। इसके साथ ये भी कहा गया है कि अगर वक्फ बोर्ड किसी भी प्रॉपर्टी पर दावा करता है तो उसका अनिवार्य तौर पर वेरिफिकेशन होगा। वहीं अगर किसी प्रॉपर्टी को लेकर वक्फ बोर्ड और किसी व्यक्ति या संस्था के बीच विवाद चल रहा है तो उसका भी वेरीफिकेशन कराया जाएगा। पूरे देश में वक्फ एक्ट के विरोध की वजह उसकी वो धारा है जिसे लोग संविधान विरोधी बता रहे हैं। दरअसल वक्फ एक्ट का सेक्शन 85 कहता है कि इसके फैसले को हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती नहीं दी जा सकती।

वक्फ की बात करें तो ये अरबी भाषा का शब्द है। कोई भी मुसलमान अपनी जमीन, मकान या कोई भी कीमती चीज वक्फ को दान कर सकता है। यही वक्फ प्रापर्टी बन जाती है। आगे वक्फ प्रॉपर्टी की देखभाल और मेंटिनेंस की जिम्मेदारी स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक वक्फ बोर्ड से जुड़े लोगों की होती हैं। देश के पहले प्रधानमंत्री नेहरू ने 1954 में वक्फ एक्ट बनाया। 1995 में नए कानून से हर राज्य में वक्फ बोर्ड बनाने की अनुमति मिली थी दरअसल वक्फ बोर्ड को अभी अधिकार प्राप्त है कि वह किसी भी संपत्ति की जांच कर सकता है और अगर किसी संपत्ति पर अपना दावा कर दे तो इसे पलटना मुश्किल हो जाता है। वक्फ एक्ट के सेक्शन 85 में कहा गया है कि बोर्ड के फैसले को सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट में चुनौती भी नहीं दी जा सकती। इस प्रस्तावित संशोधन का प्रमुख उद्देश्य वक्फ बोर्ड की शक्तियों और उनके द्वारा संपत्तियों के वर्गीकरण को नियंत्रित करना है। सरकार का कहना है कि संशोधन के बाद बोर्ड किसी भी जमीन पर गलत दावा नहीं कर पाएगा इसलिए भविष्य में शायद ही जमीन विवाद से जुड़ा ऐसा कोई मामला सामने आएगा। कुछ मौलाना इसी बात का विरोध कर रहे है कि उनके धार्मिक मसलों में दखल देने का हक किसी को नहीं है।मुस्लिमों की रहनुमाई का दावा करने वाले असदुद्दीन ओवैसी और कुछ मौलानाओं के साथ-साथ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के लोग भी वक्फ बोर्ड एक्ट में संशोधन की खबर सुनकर खफा हैं। उनका कहना है कि ये संशोधन उनके दीनी मामलों में दखल की कोशिश है।

आरोप है कि वक्फ बोर्ड गलत तरीकों से दूसरे की संपत्ति पर दावा जता देता है, ऐसे में जमीन के असली मालिक से सिर के ऊपर से छत हट जाती है और वो बेघर हो जाता है। संशोधन की बात इसलिए क्योंकि वक्फ को लेकर बने कुछ कानून भी अब सवालिया घेरे में हैं। 1954 में पहला वक्फ आया और 1995 में संशोधन हुआ। भारत सरकार ने वक्फ बोर्ड अधिनियम 1954 के तहत भारत से पाकिस्तान गए मुसलमानों की जमीन वक्फ बोर्ड को दे दी।-1991 में बाबरी विध्वंस की भरपाई के लिए 1995 में पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने वक्फ बोर्ड अधिनियम में बदलाव करके वक्फ बोर्ड को जमीन अधिग्रहण के असीमित अधिकार दे दिए।इसके बाद 2013 में संशोधन हुआ जो सबसे अहम था।अप्रभावी होने के कारण इसकी कटु आलोचना भी हुई। इसकी वजह से अतिक्रमण, कुप्रबंधन, स्वामित्व से जुड़े विवाद, और पंजीकरण एवं सर्वेक्षण में देरी जैसी गंभीर समस्?याएं सामने आई । कांग्रेस सरकार ने मार्च 2014 में लोकसभा से ठीक पहले राष्ट्रीय राजधानी में 123 प्रमुख संपत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड को उपहार में दिया।पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 2014 में राष्ट्रीय वक्फ विकास निगम लिमिटेड के शुभारंभ के दौरान कहा था कि वक्फ बोर्ड के तहत संपत्तियों का उपयोग मुस्लिम समुदाय के सामाजिक-आर्थिक विकास और लाभ के लिए किया जा सकता है। कहा गया कि यूपीए सरकार में किए गए संसोधनों की वजह से वक्फ बोर्ड हाल के दिनों में भू-माफिया की तरह व्यवहार कर रहा है जिसमें निजी संपत्ति से लेकर सरकारी भूमि तक और मंदिर की भूमि से लेकर गुरुद्वारों तक की संपत्ति पर कब्जा कर रहा है। मूल रूप से, वक्फ के पास पूरे भारत में लगभग 52,000 संपत्तियां थीं। 2009 तक, 4 लाख एकड़ में फैली 300,000 पंजीकृत वक्फ संपत्तियां थीं। पिछले 15 साल में यह दोगुनी हो गई हैं।वर्तमान में वक्फ बोर्डों के पास करीब 9 लाख 40 हजार एकड़ में फैली करीब 8 लाख 72 हजार 321 अचल संपत्तियां हैं। चल संपत्ति 16,713 हैं।जिनकी अनुमानित कीमत 1।2 लाख करोड़ रुपये बताई जा रही है। ये संपत्तियां विभिन्न राज्य वक्फ बोर्डों द्वारा प्रबंधित और नियंत्रित की जाती हैं और इनका विवरण वक्फ एसेट्स मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया में दर्ज किया गया है।वक्फ बोर्ड सशस्त्र बलों और भारतीय रेलवे के बाद भारत में तीसरा सबसे बड़ा भूस्वामी है। यूपी में सबसे ज्यादा वक्फ संपत्ति है। यूपी में सुन्नी बोर्ड के पास कुल 2 लाख 10 हजार 239 संपत्तियां हैं, जबकि शिया बोर्ड के पास 15 हजार 386 संपत्तियां हैं। हर साल हजारों व्यक्तियों द्वारा बोर्ड को वक्फ के रूप में संपत्ति की जाती है, जिससे इसकी दौलत में इजाफा होता रहता है। 2022 में, एक आरटीआई जवाब से पता चला कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आप सरकार ने 2015 में सत्ता में आने के बाद से दिल्ली वक्फ बोर्ड को 101 करोड़ रुपये से अधिक सार्वजनिक धन दिया है और 2021 में अकेले 62।57 करोड़ रुपये दिए गए। 2019 में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ऐसा कहा जाता है कि इस देश के सबसे अमीर व्यक्ति का आवास, जो मुंबई के अंदर है, एक वक्फ संपत्ति पर बनाया गया है। मैं गलत नहीं कह रहा हूं, है ना ? मुंबई की सरकार इस बारे में कुछ नहीं कर सकती। अगर हमारी सरकार होती, तो हम निर्माण को ध्वस्त कर देते। आज देश में 30 वक्फ बोर्ड हैं, जिन्होंने अब तक संपत्तियों और मंदिर की जमीनों का उल्लंघन किया है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**वृष**
राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है।

**मिथुन**
किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है।

**कर्क**
लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। नौकरी में कार्यभार रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**सिंह**
पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। आय में निश्चितता रहेगी।

**कन्या**
प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी।

**तुला**
पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे।

**वृश्चिक**
राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी।

**धनु**
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी।

**मकर**
आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है।

**कुंभ**
आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मीन**
घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी।

## शख्सियत

**इंसान समाज का एक अहम हिस्सा है अंततः उसे समाज के लिए हमेशा खड़े रहना है। हमारे कर्म ही समाज को बताते हैं कि हम पाले गए हैं या हमारी परवरिश हुई है......**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं अतुल कुमार सिंह इनका जन्म 15 फरवरी 1974 राजस्थान के करौली जिले में हुआ। पिता लेफ्टिनेंट कर्नल घनश्याम सिंह जी सेना में एक अच्छे औहदे पर थे। पिता की परिवरिश और जज्बा ही इन्हें समाजसेवा के लिए प्रेरित करता आया है। इनकी प्राथमिक शिक्षा करौली,जयपुर और रूड़की में मिडिल स्कूल,धौलपुर मिलिट्री स्कूल, धौलपुर और लुधियाना सीबीएसई हाई स्कूल, जयपुर सीबीएसई हायर सेकेंडरी उधमपुर जम्मू और कश्मीर सीबीएसई स्नातक बी.कॉम कॉमर्स कॉलेज, जयपुर, राजस्थान विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर एमबीए वित्त देहरादून से हुई है। विभिन्न पदों पर रह कर समाज सेवा में अग्रणी बने रहना इनके व्यक्तित्व का एक हिस्सा है।

अलवर ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के सचिव 2004-2005 रहे।

आर्किड रेजीडेंसी वेलफेयर सोसायटी के सचिव 2008-2012 रहे।

वंडर एक्सेलेंसी वेलफेयर सोसायटी के सचिव 2010-2013 रहे।

वंडर हाइट्स वेलफेयर सोसायटी के सचिव 2012-2016 रहे।

वंडर रेजीडेंसी वेलफेयर सोसायटी के सचिव 2014-2017 रहे।

जिला अध्यक्ष, सेवा भारती समिति, अलवर 2018 से आज तक संभाले हुए हैं। 2011 से रोटरी क्लब अलवर के सदस्य बने । अनेक कार्य उपलब्धियाँ की जैसे 2006 में ऑर्किड रेजीडेंसी, अलवर के साथ अलवर में मल्टीस्टोरी हाउसिंग के अग्रणी। अलवर में सबसे ज्यादा बहुमंजिला परियोजनाएं पूरी कीं। अलवर शहर में किफायती आवास में अग्रणी बनकर दिखाया। इसके साथ ही अनेकों पुरस्कार पाएं है जैसे 2012 में वंडर हाइट्स के लिए एसोचैम द्वारा अलवर में सर्वश्रेष्ठ आवासीय परियोजना का और शौक और रुचि वास्तु और ज्योतिष प्रोफेसर जितेन भट्ट, वडोदरा द्वारा अलवर एनसीआर में सर्वश्रेष्ठ पायरा वास्तु विशेषज्ञ का पुरस्कार दिया गया। माँ ज्ञान सुवेरा, ऋषिकेश द्वारा वैदिक ज्योतिष में प्रशिक्षित ज्योतिषी का



अतुल कुमार सिंह
(युवा समाजसेवी व उद्योगपति)

पुरस्कार प्राप्त कर अलवर का गौरव बढ़ाया । इनके मूल ध्येय अलवर और नीमराना आम व्यक्ति की आवास आवश्यकताओं को गुणवत्ता पूर्ण, पारदर्शी तरीके से किफायती मूल्य पर प्रदान करना है । शानदार व्यक्तित्व और मिलनसार व्यवहार इनकी शख्सियत को ओर निखार देता है। अपने अधिनस्थ कर्मचारी व अधिकारियों से व्यवहार कुशलता इनकी परवरिश के बारे में बताती है। खानदानी जैसे शब्द शायद ऐसे ही लोगों के लिए बने हुए हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 6 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- ब्रुसेल्स में 1821 को 'कौरियर ऑफ पेज बास' अखबार का प्रथम संस्करण प्रकाशित।
- बोलीविया ने 1825 में पेरू से स्वतंत्रता हासिल की।
- मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना 1862 में की गई।
- प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास और अन्य कांग्रेसी नेताओं ने मिलकर वंदेमातरम समाचार पत्र का प्रकाशन 1906 में प्रारंभ किया।
- ऑस्ट्रिया ने 1914 में रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- अमेरिका ने 1945 में जापान के हिरोशिमा शहर पर परमाणु बम गिराए।
- क्यूबा ने 1960 में देश के सभी प्रॉपर्टी का राष्ट्रीयकरण किया।
- जमैका में 1962 को यूनाइटेड किंगडम का सम्राज्य समाप्त हुआ और उसे स्वतंत्रता मिली।
- अमेरिका के नेवादा में विश्व के सबसे प्राचीन वृक्ष प्रोमेथस को 1964 में काटा गया।
- नासा ने 1996 में मंगल पर जीवन होने की संभावना जताई।
- भारत व ऑस्ट्रेलिया में 2001 को आर्थिक समझौता।
- भारत और पाकिस्तान में तनाव के कारण ऑस्ट्रेलिया ने 2002 में पाकिस्तान से अपने नागरिकों को वापस बुलाया।
- वर्ष 2000 में फिजी के प्रधानमंत्री महेन्द्र चौधरी के ख़िलाफ़ तख्तापलट के मामले में उपराष्ट्रपति जोपे सेनीलोली को 2004 में 4 वर्ष की जेल।
- दोनों देश 2005 में सीमा पर साझा गस्त तेज करने पर सहमत।
- मध्य त्रिनिदाद में एक पुराने हिन्दू मन्दिर को 2007 में क्षतिग्रस्त कर दिया गया।
- हंगरी के वैज्ञानिकों ने 2007 में लगभग 80 लाख साल पुराने देवदार के वृक्ष का जीवाश्म प्राप्त करने का दावा किया।
- सरकारी कंपनी भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) को 2008 में अन्ध्र प्रदेश के कृष्णा पट्टनम में 880 मेगावाट का सुपर क्रिटिकल बॉयलर लगाने का आर्डर मिला जो इस श्रेणी का पहला आर्डर है।
- जम्मू-कश्मीर में 2010 को अचानक आई बाढ़ से कम से कम 255 लोग मारे गए।
- थाईलैंड में 2011 को प्यूइआ थाई दल की यिंगलुक शिनवात्रा शुरिवार देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
- अफगानिस्तान के पूर्वी हिस्से में 2011 को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से 31 अमेरिकी और सात अफगानी सैनिकों की मौत हो गई।
- नासा का क्यूरिओसिटी रोवर 2012 में मंगल ग्रह पर पहुंचा।
- ऑस्ट्रिया द्वारा रूस के विरुद्ध युद्ध की घोषणा 1914 में की।

## विशेष आलेख

# न्याय से आशा एवं अहसास जगाते चन्द्रचूड़

**ललित गर्ग**



50वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) डी.वाई. चंद्रचूड़ की न्याय प्रणाली विसंगतियों एवं विषमताओं से जुड़ी इस स्वीकारोक्ति ने हर संवेदनशील भारतीय के मन को छुआ कि अदालतों में लंबे समय से लंबित मामलों से तंग आकर लोग बस समझौता करना चाहते हैं। 'न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है' वाली इस बात को सभी महसूस करते हैं लेकिन न्यायिक व्यवस्था के शीर्ष पर आसीन मुख्य न्यायाधीश की स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं। 'न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है।' लेकिन प्रधान न्यायाधीश के अनुसार लोग अदालतों में मुकदमों के लंबे खिंचने से इतने त्रस्त हो जाते हैं कि किसी तरह समझौता करके पिंड छुड़ाना चाहते हैं। प्रश्न यह है कि न्यायपालिका और विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट इसके लिए क्या करने जा रहा है, जिससे लोग न्याय प्रक्रिया से हताश-निराश होकर समझौता करने के लिए बाध्य न हों? दुर्भाग्य से यह प्रश्न दशकों से अनुत्तरित है। यह ठीक है कि सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने त्रस्त करने वाली न्याय प्रक्रिया को लेकर यह भी कहा कि यह स्थिति हम न्यायाधीशों के लिए चिंता का विषय है, लेकिन यदि इस समस्या का निदान नहीं होता तो फिर एक कटु सच्चाई बताने का क्या लाभ? जस्टिस चंद्रचूड़ ने काफी सधा हुआ बयान दिया है तो न्याय प्रणाली की कमियों को दूर करने के रास्ते उद्घाटित होने ही चाहिए। निश्चित ही डी.वाई. चंद्रचूड न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा करते रहे हैं तो उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दिये हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देती रही है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में जहां वे पहले ही कई महत्त्वपूर्ण फैसलों के कारण चर्चा में रहे हैं वहीं अपनी बेबाक एवं सुधारमूलक टिप्पणियों से आम जनता की सराहना के पात्र बनते रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में उन्होंने देश की न्यायपालिका के आमूल-चूल स्वरूप में परिवर्तन पर खुलकर जो विचार रखे हैं वे साहसिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े होने के साथ आम लोगों की धारणा से मेल खाते हैं। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता होनी भी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने स्वीकारा है कि कानून की इन स्थितियों में किसी तरह का समझौता समाज में पहले से व्याप्त असमानता को ही दर्शाता है। उन्होंने वादों के शीघ्र निपटान में लोक अदालतों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया। निस्संदेह, गाहे-बगाहे न्यायपालिका, कार्यपालिका व विधायिका द्वारा न्याय मिलने में होने वाली देरी को लेकर चिंता जरूर जतायी जाती है, लेकिन इस जटिल समस्या के समाधान की दिशा में बदलावकारी प्रयास होते नजर नहीं आते। जिसके चलते तारीख पर तारीख का सिलसिला चलता ही रहता है। न्याय के इंतजार में कई-कई पीढ़ियां अदालतों के चक्कर काटती रह जाती हैं। देश में शीर्ष अदालत, उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में मुकदमों का अंबार निश्चित रूप से न्यायिक व्यवस्था के लिये असहज एवं चुनौतीपूर्ण स्थिति है। बताया जाता है कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों की संख्या लगभग 80 हजार है। उच्च न्यायालयों में इनकी संख्या 62 लाख के करीब है और निचली अदालतों में करीब साढ़े चार करोड़। इसका अर्थ है कि लगभग पांच करोड़ लोग न्याय के लिए प्रतीक्षारत हैं। इनमें से अनेक मामले ऐसे हैं, जो दशकों से लंबित हैं। स्वयं सुप्रीम कोर्ट में दशकों पुराने कई मामले लंबित हैं। देश में तीनों स्तरों पर लंबित मामले न्यायिक व्यवस्था के लिये एक गंभीर चुनौती है। आजादी के अमृत महोत्सव की चौखट पार कर चुके देश की इस त्रासद न्याय व्यवस्था के बाबत देश के नीति-नियंताओं को गंभीरता से विचार करना चाहिए। निश्चित ही भारत दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। लेकिन इतनी बड़ी आबादी के अनुपात में पर्याप्त न्यायाधीशों व न्यायालयों की उपलब्धता नहीं है। निश्चित रूप से न्याय का मतलब न्याय मिलने जैसा होना चाहिए। न्याय समाज में महसूस भी होना चाहिए। न्याय त्वरित गति से होता हुआ भी दिखना चाहिए। देश में न्याय की प्रक्रिया सहज व सरल तथा आम आदमी की पहुंच वाली होनी चाहिए। न्याय-व्यवस्था जिसके द्वारा न्यायपालिकाएं अपने कार्य-संचालन करती है वह अत्यंत महंगी, अतिविलंबकारी और अप्रत्याशित निर्णय देने वाली है। निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक किसी भी मामले के निपटारे के लिए नियत अवधि और अधिकतम तारीखों की संख्या तय होनी ही चाहिए। जैसाकि अमेरिका में किसी भी मामले के लिये तीन वर्ष की अवधि निश्चित है। लेकिन भारत में मामले 20-30 साल चलना साधारण बात है। तकनीक का प्रयोग बढ़ाने और पुलिस द्वारा की जाने वाली विवेचना में भी सुधार जरूरी है। एक सक्षम न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन करके इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उत्कृष्ट लोकतान्त्रिक देशों की तरह भारत की एक अत्यंत शक्तिशाली व स्वतंत्र न्यायपालिका है। न्यायपालिका केवल न्याय देने का ही काम नहीं करें, बल्कि सरकार की कमियों पर नजर रखना एवं उसे चेताना भी उसका दायित्व है। न्याय व्यवस्था अभी तक औपनिवेशिक शिकंजे में जकड़ी हुई है। उच्चतर न्यायालयों की भाषा अंग्रेजी है तो अधिकांश निचली अदालतों की कार्रवाई और पुलिस विवेचना की भाषा उर्दू है। वह आम आदमी के पल्ले नहीं पड़ती। समय आ गया है कि यह सब आम आदमी की भाषा में हों। राज्यों की क्षेत्रीय भाषाओं में न्यायिक प्रक्रिया की मांग लंबे समय से की जाती रही है। इस दिशा में कुछ प्रयास हुए भी हैं लेकिन अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। जिससे तारीख पर तारीख का सिलसिला थम सके। उम्मीद की जा रही है कि हाल ही में लागू हुए तीन नये आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद स्थिति में सुधार हो सकेगा। केंद्र सरकार भी कहती रही है कि नये कानूनों का मकसद लोगों को सजा देने के बजाय न्याय दिलाने पर केंद्रित है। विश्वास किया जाना चाहिए कि इन प्रयासों से मुकदमों के निस्तारण में गति आएगी। देश की जनता उम्मीद लगाए बैठी है कि दशकों से लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण हो। जिससे न्यायिक प्रक्रिया से हताश-निराश लोग समझौता करने को बाध्य न हों। विश्वास किया जाना चाहिए कि मुख्य न्यायाधीश की चिंता के बाद न्यायिक प्रक्रिया को सरल-सुगम बनाने के लिये अभिनव पहल हो सकेगी। जिससे आम लोगों की समय पर न्याय मिलने की आस पूरी हो सकेगी। इसके अलावा यह भी आवश्यक है कि सरकारें मुकदमेबाजी से बाज आएं, क्योंकि सबसे बड़ी मुकदमेबाज तो वे खुद हैं। नये तीन कानूनों के बाद मुकदमों की सुनवाई द्रुत गति से होगी, लेकिन देखना यह है कि ऐसा हो पाता है या नहीं? प्रश्न यह भी है कि आखिर करोड़ों लंबित मामलों का क्या होगा? ये वे प्रश्न हैं, जिनके उत्तर देश की जनता को चाहिए। जनता समस्याओं का उल्लेख नहीं, बल्कि उनका समाधान चाहती है। इससे इनकार नहीं कि अपने देश में आबादी के अनुपात में न्यायालयों और न्यायाधीशों की पर्याप्त संख्या नहीं है और यह संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है, निचली अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक समस्त न्यायालयों को दो पालियों में चलाने का प्रावधान किया जाना चाहिए। नए न्यायालय भी स्थापित किए जाने चाहिए।

# भारी बारिश के चलते मालपुरा क्षैत्र बना जलपुरा

## बांधो की चली चादर, कच्चे मकान ढहे, बारिश का कहर जारी, 28 साल बाद चलेगी टोरड़ी सागर बांध की चादर

### कलमंडा स्कूल परिसर में एक बार फिर भरा पानी
### बाढ़ के हालात का जायजा लेने जिला कलक्टर पहुंची क्षैत्र में



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र में मध्य रात्रि से चला भारी व मूसलाधार बारिश का दौर सोमवार को दोपहर तक जारी रहने के चलते क्षैत्र के कई बांधो की चादरे चली तो कुछ की चलने को तैयार है। साथ ही बारिश के कहर के चलते मालपुरा केकड़ी राज मार्ग हुआ बंद एवं कच्चे मकान धराशाही होने से लोग बेघर हो गए।

मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र में मध्य रात्रि से ही कभी मूसलाधार व तेज तो कभी रूकरूक मामली बारिश का दौर सोमवार को दोपहर तक जारी रहा। इस बारिश के चलते क्षैत्र के चांदसेन स्थित भैंरूसागर बांध की तीन फुट व लाम्बाहरिसिंह के रामसागर बांध की चादर से पानी झलकना शुरू हो गया। वहीं क्षैत्र के सबसे बड़े सिंचाई स्त्रोत टोरड़ी सागर में 30 फुट भराव क्षमता के विपरीत 29 फुट 6 इंच तक पानी की आवक हो चुकी है। इस बांध के मुख्य भराव क्षैत्र इन्दोली नदी उफान पर चल रही है जिसका पूरा पानी टोरड़ी सागर बांध में ही जा रहा है। संभावना है कि देर रात्रि तक टोरड़ी सागर बांध की 1996 के बाद लगभग 28 वर्षो की लम्बे अर्से के बाद चादर चलने की पूरी पूरी संभावना है। यदि बारिश के कहर की बात की जाए तो मालपुरा शहर जलपुरा शहर के समान लगने लगा है।

पूर्व की तरह बस स्टेण्ड, महावीर मार्ग, बृजलालनगर की कुछ गलियो में पानी भर जाने से गलिया दरिया समान नजर आने लगी है। शहर में हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। यह जरूर है कि दोपहर बाद तेज हवाऐं चलने के साथ मौसम खुलने से शहरवासियो ने राहत की सांस ली है लेकिन आसमान में काली व घनी घटाऐं छा रही है। क्षैत्र में भारी बारिश के चलते क्षैत्र के कलमंडा स्थित राउमावि का परिसर पूरी तरह से जल मग्न हो गया है। स्कूल में जाने वाले मुख्य रास्ता दरिया समान नजर आ रहा है। दूसरी तरफ मालपुरा से केकड़ी की ओर जाने वाले सड़क मार्ग पर इन्दोली के पास सहोदरा नदी उफान पर चलने के कारण सुरक्षा की दुष्टि से नदी के दोनो किनारो पर बेनिकेटिंग लगाकर आवाजाही रोक दी है।

पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार ने सहोदरा नदी की मौका स्थिति का जायजा लेकन आम जन से मालपुरा से केकड़ी की यात्रा स्थगित रखने की अपील की है। क्षैत्र में भारी बारिश व बारिश के कहर के चलते तहसीलदार राहुल पारीक ने टोरड़ी सागर बांध व भैंरूसागर बांध सहित अन्य बांध क्षैत्र के अधिकारियो व कर्मचारियो को अपने अपने हल्के में मुश्तेद रहने के लिए पाबन्द किया गया है। इसके अलावा भी शहरी व ग्रामीण क्षैत्रो के सभी अधिकारियो व कर्मचारीयो को अपने अपने मुख्यालयो पर रहकर कड़ी नजर रखने व हालात के बारे में उपखण्ड मुख्यालय स्थित नियन्त्रण कक्ष व अधिकारियो को रिपोर्ट देते रहने के लिए पाबन्द किया गया है। इधर मालपुरा क्षैत्र में मूसलाधार व भारी बारिश के बाद उपजे बाढ़ के हालात सहित हुए नुकसान का जायजा लेने जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा मालपुरा क्षैत्र के ग्रामीण अंचलो में पहुंच कर निरीक्षण किया। इस दोरान जिला कलक्टर झा कई गांव व ढाणियो में पहुंच कर बाढ़ पीड़ितो से मिलकर ढांढस बंधाते हुए प्रशासन पूरी तरह साथ रहने का आश्वासन दिया।

# पशु पक्षियो व जीव जन्तुओं की सेवा करना महान पुण्य का कार्य : जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी

### परिषद की नवीन कार्यकारणी ने ली शपथ

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा के महेश सेवा सदन में भारत विकास परिषद मालपुरा की नवीन कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित हुआ।

बीति देर रात्रि आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि आज सेवा में भी दिखावा हो गया है। लोग जरूरतमंद लोगो की सेवा करते तो हैं लेकिन इस सेवा में दिखावा अधिक करते हैं। चौधरी ने कहा कि असली और वास्तविक सेवा तो मूक पशुओं व जीव जन्तुओं की सेवा है। क्योंकि इस सेवा करने से इंसान को महान पुण्य की प्राप्ति होती है। इस मामले में भारत विकास परिषद की शाखा मालपुरा धन्यवाद की पात्र है जिसने पशु पक्षियो के लिए चुग्गाघर का निर्माण हाथ में लिया है। इस चुग्गा घर का निर्माण दानदाता सुमेर बड़जात्या के सहयोग से किया जाएगा। परिषद की ओर से इस निर्माण के लिए उचित जगह दिलाने की बात बताई गई जिस पर उन्होंने परिषद को ही जिम्मेदारी सौंपी है कि परिषद की ओर जो भी जगह चिन्हित की जाएगी वह जगह ही दिलवा दी जाएगी। जलदाय मंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रति राज्य सरकार पूरी तरह सजग है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अभियान को प्रदेश के प्रत्येक आम जन को जोड़ने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने परिषद को विश्वास दिलाया कि परिषद को जब भी उनकी आवश्यकता हो तब ही वे परिषद के लिए तैयार हैं। परिषद के हर काम व हर सेवा प्रकल्यो को पूर्ण करने में उनका पूर्ण सहयोग रहेगा। समारोह में परिषद के प्रान्तीय अध्यक्ष आर.एस.सक्सेना ने परिषद के अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, सचिव ताराकान्त पाठक, वित्त सचिव ज्ञानचन्द जैन, उपाध्यक्ष महावीर जैन, सुमेर बड़जात्या, रमेश शर्मा, संगठन सचिव कपिल देव शर्मा, भगवान सहाय शर्मा, सह वित्त सचिव नन्दकिशोर लक्षकार, सह सचिव कमलेश श्रंगी, चेतन शर्मा, सेवा प्रमुख अमित विजय, सम्पर्क प्रमुख ज्ञानचन्द जेन, प्रवक्ता दिनेश विजय, महिला प्रमुख नेहा विजय राष्ट्रीय समूह गान प्रमुख जयनारायण जाट सहित सम्पूर्ण कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। समारोह में सम्मानीय अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, पर्यावरण प्रेमी व भामाशाह बी.एल.चौधरी, प्रान्तीय महासचिव रणवीर सिंह त्यागी मोजुद रहे। समारोह के दौरान परिषद के विभिन्न सेवा प्रमुखो के मुख्य दानदाता सुमेर बड़जात्या, भामाशाह बी.एल.चौधरी व कैलाश जैन का मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री ने परिषद की ओर से सम्मान किया गया। वहीं समारोह के सभी अतिथियो का परिषद ने सार्वजनिक अभिनन्दन किया। समारोह का संचालन कपिल देश शर्मा ने किया।

### जिला अस्पताल के लिए भूमि का जायजा लिया

# जिला अस्पताल के भवन निर्माण को लेकर भूमि का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा के सरकारी अस्पताल को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत किए जाने के बाद प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी सहित राजस्व व चिकित्सा विभाग के अधिकारियो को साथ लेकर जिला अस्पताल के भवन निर्माण को लेकर भूमि का औचक निरीक्षण किया।

बीति देर शाम जलदाय मंत्री चौधरी मालपुरा प्रवास के दौरान राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। जलदाय मंत्री के साथ खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव चौधरी, स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. केलाश सामरिया, राजस्व विभाग की ओर से तहसीलदार राहुल पारीक, हल्का भू अभिलेख निरीक्षक व हल्का पटवारी सहित भाजपाा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन व अन्य कई सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मौजुद रहे। चौधरी के अस्पताल भवन पहुंचते ही चिकित्सा विभाग के अधिकारियो ने मालपुरा के सरकारी अस्पताल को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करवाने के लिए जलदाय मंत्री चौधरी का स्वागत कर आभार प्रकट किया। इस दौरान जलदाय मंत्री ने बताया कि जिला अस्पताल के लिए लगभग बीस बीघा भूमि की आवश्यकता होगी। जो वर्तमान अस्पताल परिसर में मौजुद है। यदि भूमि कम पड़ेगी आसपास की खाली भूमि को अधिग्रहण की कार्रवाई की जाएगी। चौधरी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मालपुरा क्षैत्र की जनता को सोगात देते हुए सामुायिक स्वास्थ्य केन्द्र को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत कर मालपुरा की जनता को जो सौगात दी है उसे क्षैत्र की जनता कभी नहीं भूल पाएगी। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व व चिकित्सा विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर जिला अस्पताल के लिए भूमि का चिन्हीकरण का काम शीध्र पूर्ण करें। जलदाय मंत्री ने यह निर्देश भी दिए कि जिला अस्पताल के लिए भूमि का चिन्हीकरण भविष्य की आवश्यकताओं को मध्य नजर रखते हुए किया जाए जिससे आगे चलकर यदि अस्पताल का विकास हो तो उसके लिए भूमि उपलब्ध हो सके। उन्होंने नगरपालिका अध्यक्ष को भी जिला अस्पताल के लिए भूमि चिन्हित करने में पालिका प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए कहा।

## 44 ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 44 जनो ने रक्तदान किया। क्लब द्वारा सोमवार को पंचायती धर्मशाला में स्व. सूरजमल विजयवर्गीय राजपुरा वालो की पुण्य स्मृति में उनके परिवारजनो के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 44 जनो ने रक्तदान कर महान पुण्य का कार्य किया। क्लब अध्यक्ष अमित विजय ने बताया कि क्लब की ओर से इस सत्र का यह द्धितिए रक्तदान शिविर है। इस मौके पर क्लब के सचिव नरेश काबरा, संयोजक राजेश पारीक, पवन जैन संगम, अरूण काबरा, राकेश नेवटा, महेश गुप्ता, हेमेन्द्र हापावत, सीताराम स्वामी पुष्पेन्द्र पारीक, सुनील कालेड़ा भागचन्द जैन, मनोज जैन सहित क्लब के अन्य सभी सदस्य मौजुद रहे। अंत में रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन की ओर से आयोजक परिवार के सभी सदस्यो का अभिनन्दन कर सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया।

## सोशल मीडिया वायरल पत्र का यादव महासभा जिला कार्यकारिणी ने किया विरोध

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** यादव महासभा युवा के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र यादव द्वारा जारी पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसका यादव महासभा जिला कार्यकारिणी टोंक के पदाधिकारी ने विरोध कर खंडन किया। जिलाध्यक्ष कजोड़ मल यादव ने बताया कि टोंक युवा जिलाध्यक्ष पद पर लक्ष्मी नारायण यादव कार्यरत है इसके बावजूद भी प्रदेशाध्यक्ष(युवा) महेंद्र यादव ने मनमाने तरीके से को महासभा का युवा जिलाध्यक्ष मुकेश यादव मनोनीत किया। जिसका पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है उन्होने बताया कि युवा प्रदेशाध्यक्ष ने जिला कार्यकारिणी की सहमति के बिना जिलाध्यक्ष के मनोनियन का पत्र सोशल मीडिया पर वायरल किया।

## विजयवर्गीय समाज ने मनाई मीरा बाई की जयंती

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** विजयवर्गीय समाज की आराध्य एवं भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त मीरा बाई की जयंती विजयवर्गीय समाज के तत्वावधान में दादूदयाल गार्डन में मनाई गई। जयंती की शुरुआत समाज अध्यक्ष सहित समाज के लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने मीराबाई के जीवन पर प्रकाश डाला। इस सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष प्रयाग विजयवर्गीय, महामंत्री गौरीशंकर भरथला, कोषाध्यक्ष शिवदयाल रामपुरा, सत्यनारायण मोदी, ओमप्रकाश विजय, रामकलयाण सिरोही, गिर्राज डडवाडी, रमेश मल्ला, रामप्रकाश विजय, बबलेश नटवाडा, बाबूलाल गुढ़ा, सत्यनारायण सीदडा, कैलाश सिरोही, जितेन्द्र विजय, योगेन्द्र विजय, सुरेश राजपुरा व कन्हैयालाल झिलाय सहित समाज के गणमान्य महिला पुरूष मौजूद थे।

## 500 मीटर सड़क नही, 20 किलोमीटर का लगाना पड़ता चक्कर
## परेशान ग्रामीणो ने दौसा-कोथून हाइवे 11ए पर 4 घंटे लगाया जाम

बढ़ता राजस्थान



**निवाई(का.स.)।** ग्राम पंचायत तुर्किया के कायमनगर उर्फ बासड़ी गाँव के ग्रामीणो ने सोमवार को दौसा- कोथून हाइवे एन एच 11 ए पर बंशीपुरा मोड़ पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बंशीपुरा से कायमनगर के बीच करीब 500 मीटर रास्ते पर किसी विवाद के कारण सड़क नही बनी। जिससे ग्रामीणो को करीब 20 किलोमीटर का चक्कर लगाकर हाइवे पर जाना पड़ रहा है। जिससे परेशान ग्रामीणो ने हाइवे जाम कर दिया। दतवास पुलिस ने ग्रामीणो को समझाइश करने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण प्रशासन को मौके पर बुलाकर तत्काल समस्या समाधान की करने की मांग पर अड़े गए। करीब चार घंटे तक ग्रामीण महिला पुरुष व स्कूल के बच्चे हाइवे को जाम कर बैठे गए। जिससे दौसा कोथून हाइवे के दोनो तरफ करीब 2 किलोमीटर तक वाहनो लम्बी कतारे लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुँचे निवाई तहसीलदार नरेश गुर्जर व विकास अधिकारी सुनिल वर्मा व दतवास पुलिस ने ग्रामीणो को समझाइश कर रास्ता खुलवाया। वही ग्रामीण इस बात पर अड़े रहे कि तत्काल गिट्टी डलवाई जाये तथा रास्ते को सुचारू करवाया जाए। देर शाम तक समझाइश का दौर जारी रहा। प्रशासन के अधिकारी मौके पर तैनात थे। हाइवे से सफर करने वाले राहगीरो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**क्या है विवाद :** तुर्किया ग्राम पंचायत के कायमनगर गाँव से बंशीपुरा गाँव तक सड़क ड़ामर सड़क बनी हुई है, तथा बंशीपुरा गाँव के पास करीब 500 मीटर रास्ते पर किसी विवाद की वजह से सड़क नही बनाई गई जहां बारीश के दिनो मे पानी भरकर भयानक कीचड हो जाता है, जिससे वाहन निकलना तो दूर पैदल राहगीर से भी नही निकला जाता जिसके चलते स्कूल जाने वाले छात्र व ग्राम पंचायत जाने वाले व मजदूरी करने जयपुर चाकसू की तरफ जाने वाले लोगो को हर दिन करीब 20 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे ग्रामीण परेशान है कोई भी बीमार पड़ जाता है तो बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

# ट्रेलर-कार भिड़न्त में नागल तहसीलदार सहित 3 लोगो की मौत, 3 घायल

बढ़ता राजस्थान





**निवाई (का.स.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 11ए दौसा- कोथन हाईवे पर शिवसिंहपुरा गांव के पास एक ट्रेलर-कार भिड़ंत में दौसा जिले की निर्झरना तहसील के नायब तहसीलदार सहित दो हल्का पटवारियो की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक गिरदावर व 2 परवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें चिन्ताजनक स्थिति में जयपुर रैफर किया गया है। दुर्घटना के बाद ट्रेलर पलट गया, कार के परखच्चे उड़ गए। दौसा जिले की निर्झरना के नायब तहसीदार गिर्राज (55) पुत्र रामकरण शर्मा, सुन्दरपुरा हल्का पटवारी दिनेश पुत्र सत्यनारायण शर्मा एवं एक अन्य पटवारी दिनेश शर्मा की ट्रेलर-कार भिड़न्त में दर्दनाक मौत हो गई। जबकि गिरदावर मुखलेश पुत्र रामबिलास मीणा निवासी कोड्याई, पटवारी प्रदीप शर्मा पुत्र दामोदर शर्मा एवं पटवारी अभिषेक पुत्र अश्विनी शर्मा निवासी डिडवाना लालसोट दौसा गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी आधा दर्जन राजस्व कार्मिक किसी राजकीय कार्य से निर्झना तहसील के मटलाना गांव गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# श्रावण मास के तीसरे सोमवार को महादेव का शिव भक्तों ने किया सहस्त्र घटों से अभिषेक

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को रक्तांचल पर्वत की तलहटी में स्थित शिवालय व श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर, कृषि मंडी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर सहित शहर के अन्य शिवालयों में सहस्त्र घट के आयोजनों की धूम मची रही। श्रीगौरी शंकर महादेव मंदिर में आचार्य पं. अरविंद शास्त्री, कृषि मंडी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में आचार्य रामकल्याण शर्मा झिलाय, मायला कुंड स्थित शिवालय में पंडित हनुमान शर्मा पराणा व बान्दरे वाले बालाजी मंदिर शिवालय में पंडित केदारप्रसाद शास्त्री के निर्देशन में अखंड सहस्त्र घट से भोले का अभिषेक किया गया। इस अवसर पर पंडित नवरत्न शर्मा, अवधेश शर्मा, हनुमान शर्मा, गोविंद दाधीच व तुषार शर्मा के निर्देशन में यजमान एडवोकेट राजमुरारी कुर्मी, सत्यनारायण कुर्मी, अजय कुमार, गौरव कुर्मी व पायल पाटीदार सहित कई श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। आरती के पश्चात फूलों से श्रृंगार कर श्रद्धालुओं को प्रसादी जिमाई गई।

## नसिंया जैन मंदिर में जिन गुण सम्पत्ति मण्डल विधान सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन नसिंया मंदिर में आर्यिका विशेष मति माताजी के सानिध्य में जिन गुण सम्पत्ति मण्डल विधान का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे से पूजा अर्चना की। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि विधानाचार्य अशोक भाणजा के सानिध्य में गिर्राज चंवरिया, धनराज चंवरिया, रानी जैन, ममता जैन, मंजू देवी, कांति देवी, उर्मिला जैन, रिंकी जैन, मेघा जैन व मैनादेवी पराणा सहित कई श्रद्धालुओं ने भगवान शांतिनाथ एवं पार्श्वनाथ की विशेष शांतिधारा करके पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि विधान में विधिवत मंत्रोच्चार द्वारा सोधर्म इंद्र परिवार द्वारा मण्डल विधान में पांच मंगल कलश की स्थापना की गई जिसमें आर्यिका विशेष मति माताजी के मंत्रोच्चार द्वारा श्रद्धालुओं ने श्रीफल अर्ध्य समर्पित किया।

## प्रेमप्रभु गंगाडा को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राम अवतार बाबा को जिला अध्यक्ष के पद पर किया नियुक्त

बढ़ता राजस्थान





**निवाई (का.स.)।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर तेजपाल सैनी ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए निवाई निवासी प्रेम प्रभु गंगाडा को प्रदेश उपाध्यक्ष युवा इकाई के पद पर नियुक्त किया इसके साथ ही राम अवतार सैनी 'बाबा' को टोंक जिला अध्यक्ष युवा इकाई के पद पर नियुक्त किया गया।

# हरियाली तीज पर हरियाली से सराबोर होगा राजस्थान एक ही दिन में प्रदेशवासी लगाएंगे 2 करोड़ पौधे

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** आगामी 7 अगस्त, हरियाली तीज के अवसर पर इस बार पूरे प्रदेश में 'हरियालो राजस्थान-एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लगभग 2 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। प्रदेश की पहाड़ियों, चारागाह भूमि, सड़क किनारे, विद्यालयों, अमृत सरोवर, जल स्रोतों के किनारे पौधारोपण कर प्रदेश को हरा-भरा बनाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सोमवार को शासन सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी 50 जिलों की तैयारियों और माइक्रो प्लानिंग को लेकर समीक्षा की गई। अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के शासन सचिव आशुतोष ए टी पेडणेकर,स्कूल शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल, पंचायती राज शासन सचिव रवि जैन,आयुक्त स्कूल शिक्षा अविचल चतुर्वेदी,आयुक्त ईजीएस टीना डाबी ने प्रत्येक स्तर पर की जा रही तैयारियों को सुनिश्चित किया। सभी जिला कलेक्टरों ने वृहत् स्तर पर की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। अभय कुमार ने कहा कि जो पौधे लगाए जाएं, उन्हें बचाना भी जरूरी है। उन्होंने लगाए जा रहे सभी पौधों की जियो टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पौधों की जानकारी हरियालो राजस्थान ऐप और भारत सरकार के मेरी लाइफ ऐप पर अपलोड की जाए। उन्होंने इस अभियान में जन सहभागिता को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि सभी राजस्व ग्रामों में पौधों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए ताकि अभियान को अधिकतम सफल बनाया जा सके और निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके।

### लहरिया परिधानों में मनाएंगे हरियालो राजस्थान उत्सव

हरियाली तीज का त्योहार राजस्थानी महिलाओं में विशेष महत्व रखता है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि इस अवसर पर महिलाओं को लहरिया परिधान पहनकर पौधारोपण कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही आमजन को भी नि:शुल्क पौधों का वितरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य बजट 2024-25 में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के माध्यम से हर परिवार को जोड़ते हुए 7 करोड़ पौधे लगाने व पालन का लक्ष्य रखा गया है। इस क्रम को सतत रखने के लिए मल्टी सेक्टोरल प्रोग्राम के रूप में मिशन 'हरियालो-राजस्थान' की घोषणा की गयी है। मिशन 'हरियालो-राजस्थान' को साकार करने के लिए राज्यभर में हरियाली तीज के अवसर पर विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रमों में सघन पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर दो करोड़ से अधिक पौधे लगाये जायेगें। हरियालो-राजस्थान ऐप के माध्यम से पौधा लगाने वाले वृक्ष प्रेमियों को 51 लाख प्रशस्ति पत्र वितरित किये जाएंगे।



## विजयवर्गीय स्पोर्टस एसोसिएशन संस्थान की मीटिंग आयोजित

# मीटिंग में नई योजनाओं पर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। 4 अगस्त 2024 को संस्था के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जो आगामी महीनों में संस्था की गतिविधियों को आकार देंगे। मीटिंग में संस्था के खातों की ऑडिट रिपोर्ट तैयार करने का निर्णय लिया गया। वीपीएल सीजन 8 के आयोजन की तैयारी पर चर्चा की गई। इसमें विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया और एक विस्तृत योजना तैयार करने के बाद कार्यक्रम की घोषणा करने का निर्णय लिया गया। आगामी जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चों के लिए 'क्यूट कृष्णा कॉन्टेस्ट' और युवाओं के लिए 'सेल्फी कंपटीशन' आयोजित करने का निर्णय लिया गया। महिलाओं के लिए एक क्रिकेट मैच का आयोजन करने का निर्णय लिया गया, जो उनकी खेलों में भागीदारी को बढ़ावा देगा। युवाओं को सामाजिक मंचों से जोड़ने और समाज की प्रतिभाओं को उजागर करने पर जोर दिया गया। वीपीएल सीजन 8 में महिलाओं की भागीदारी को भी बढ़ावा देने पर ध्यान दिया जाएगा। विजयवर्गीय स्पॉर्ट एसोसिएशन संस्थान के माध्यम से क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई है।

नई पीढ़ी को पारंपरिक खेलों से अवगत करवाने और अन्य वैश्य समाज के साथ मिलकर सामाजिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। यह मीटिंग संस्था के आगामी कार्यक्रमों और पहलों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण रही और इसमें लिए गए निर्णय समाज और खेलों के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव डालेंगे।

# कोचिंग-लाइब्रेरी सीज मामला : मुख्यमंत्री आवास में गुहार कर राहत की आशा में कोचिंग संचालक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** दिल्ली में लाइब्रेरी में पानी भरने से तीन छात्रों के मारे जाने के बाद राजस्थान प्रदेश में कोचिंग संचालकों और लाइब्रेरी को सीज करने तथा नोटिस देने की कार्रवाई से मची अफरा-तफरी के बीच में ऑल कोचिंग इंस्टिट्यूट महासंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री आवास में जाकर गुहार लगाई। जिस पर फायर एनओसी प्राप्त करने तथा सुरक्षा मानक को अपनाने की शर्त पर कोचिंग संचालकों तथा लाइब्रेरी संचालकों को राहत प्रदान करने के संकेत मिले हैं। लेकिन यह राहत शपथ पत्र के आधार पर दी जाने की संभावना है।

ऑल कोचिंग इंस्टिट्यूट महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर सी शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव सिराज खान, प्रदेश अध्यक्ष अनीष कुमार, प्रदेश महासचिव अजय अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ किरण, वरिष्ठ पदाधिकारी डॉक्टर रुचि जैन, घनश्याम बेनीवाल तथा अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर हुई चर्चा के बाद यह जानकारी सामने आई है। ऑल कोचिंग इंस्टिट्यूट महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनीष कुमार ने बताया कि सोमवार को जयपुर ग्रेटर कमिश्नर रुक्मणी रियाड से सीज की गई संस्थाओं के कारण परीक्षा की तैयारी से वंचित छात्रों की पीड़ा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा मानक के उपकरण लगाने एवं फायर एनओसी प्राप्त करने के लिए 15 दिन मांगा गया है। जिस पर नगर निगम आयुक्त रुक्मणी रियाड ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। प्रदेश महासचिव अजय अग्रवाल ने बताया कि बार-बार की परेशानी से निजात दिलाने के लिए सरकार को स्थाई समाधान के लिए सोचना चाहिए ताकि कोचिंग व्यवसाय बिना किसी रूकावट के सही दिशा में चलती रहे। वहीं इस दिशा में गोपालपुरा बाईपास स्थित डागुर्स कोचिंग हब के संचालक रघुवीर सिंह डागुर ने स्थाई समाधान के लिए गोपालपुरा बाईपास पर ही कोचिंग हब डेवलप करने की बात कही हैं। इस दिशा में शीघ्र ही सभी संगठन एक साथ मिलकर स्थाई समाधान निकालने पर विचार कर रहे हैं स्थाई समाधान के लिए आंदोलन की भी रणनीति पर विचार किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष अनीष कुमार ने अफसोस जताया है कि राज्य सरकार हजारों करोड रुपए खर्च कर बनाए गए कोचिंग हब को सफल नहीं कर पा रही।

# बहुचर्चित देवी राम मुल्लाका हत्याकांड मामला : एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने पच्चीस हजार का ईनामी पकड़ा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने डीग जिले में तीन साल पहले बहुचर्चित रहे देवी राम मुल्लाका हत्याकांड के एक और आरोपित शिवगणेश उर्फ कंजर गुर्जर निवासी मुल्लाका थाना कामां को पकड़ा है। इस पर एसपी डीग द्वारा पच्चीस हजार रुपए का इनाम घोषित है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि को सूचना मिली कि हत्याकांड में शामिल पच्चीस हजार का इनामी आरोपित शिव गणेश गुर्जर मध्य प्रदेश के इंदौर में फरारी काट रहा है। सूचना पर इंदौर पहुंच सूचना को डेवलप किया गया। इंदौर के संगम नगर स्थित खड़ा गणेश मंदिर में आरोपित के आने की सूचना मिलने पर टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस टीम को देखते ही आरोपित भागने लगा जिसे घेरकर टीम में पकड़ लिया। इस मामले में 21 आरोपित है, जिनमें से 8 आरोपियों को घटना के बाद ही थाना कामां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था और 13 आरोपी फरार हो गये। जिन पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया। पिछले डेढ़ महीने में फरार आरोपियों में से 10 आरोपियों को एजीटीएफ व कामां पुलिस ने पकड़ लिया है। बाकी बचे तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है। एमएन ने बताया कि घटना 11 जून 2021 की है। सुबह गांव से खरीदारी करने कामां की और बाइक लेकर निकले देवी राम गुर्जर निवासी मुल्लाका पर पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही रामअवतार पुत्र रामप्रसाद पक्ष के 20-22 व्यक्तियों ने लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया और मरा हुआ समझकर हवाई फायर करते हुए गांव आये। गांव में भी फायरिंग की। जिसमें तीन बच्चे व चार अन्य घायल हो गये। गंभीर घायल देवीलाल ने जयपुर लाते समय महुआ से पहले ही दम तोड़ दिया था।

इस संपूर्ण कार्रवाई में एएसआई शैलेंद्र शर्मा एवं कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका एवं हेड कांस्टेबल मदन लाल शर्मा, कांस्टेबल श्रवण कुमार व कुलदीप सिंह का सराहनीय सहयोग रहा है।

# डबल शंकर महादेव मंदिर की कावड़-कलश यात्रा 11 अगस्त को

## गंगा व गलता के पवित्र जल से होगा शिव का अभिषेक, कलश यात्रा में शामिल होंगी 1100 महिलायें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बाबा हरिश चन्द्र मार्ग स्थित डबल शंकर महादेव मंदिर में 11 अगस्त को हजारों श्रद्धालु गंगा और गलता से लाये जल से शिवलिंग का अभिषेक एवं अर्चना करेगें। आयोजन समिति के संयोजक शरद खंडेलवाल ने बताया कि कांवड़ यात्रा 11 अगस्त को प्रात: 7 बजे गलता कुंड से शुरू होकर गलता गेट, सूरजपोल गेट, रामगंज बाजार, बड़ी चौपड़ होते हुए चौड़ा रास्ता स्थित द्वारकाधीश मंदिर प्रात: 9 बजे पहुंचेंगी। चौडा रास्ते से 1100 महिलायें पूर्व महापौर ज्योति खण्डेलवाल की अगुवाई में कलश लेकर बैंड बाजों और लवाजमे के साथ कॉवड़ यात्रा में शामिल होगी। द्वारकाधीश मंदिर पर विभिन्न मंदिरों के सन्त महन्त, सामाजिक, व्यापारिक व राजनीतिक बंधुओं द्वारा कावड़ कलश यात्रा का स्वागत किया जायेगा । तत्पश्चात कावड व कलश यात्रा त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, मिश्रा राजाजी का रास्ता, अजमेरी गेट, इंदिरा बाजार होते हुए बाबा हरिशचंद्र मार्ग स्थित डबल शंकर महादेव मंदिर पहुंचेगीं। यात्रा में सभी महिलाएं गंगा जल व गलता तीर्थ के मिश्रित जल के कलश लेकर चलेगी। कावड़ यात्रियों द्वारा लाये जल और कलशों के जल से डबल शंकर महादेव का अभिषेक किया जायेगा । अभिषेक के पश्चात डबल शंकर की झांकी सजाई जाएगी और पूजा-अर्चना की जायेगी।

# जन्माष्टमी पर होंगे श्रीकृष्ण-बलराम के बीस मिनट में दर्शन

## पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** श्री कृष्ण-बलराम मंदिर में 26 अगस्त की जन्माष्टमी को लेकर ख़ास तैयारियां शुरू हो गई हैं, भगवान कृष्ण के जन्म पर पूरे शहर के लाखों लोग मंदिर में आकर उनका विशेष आशीर्वाद लेते है और आध्यात्मिक जीवन में आगे बढ़ते हैं। इस जन्माष्टमी पर ज्यादा से ज्यादा भक्तों को भगवान के दर्शन हो इसके लिए मंदिर और शहर के पुलिस प्रशासन ने मिलकर अनूठी पहल की है। रविवार को जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ, लॉ एंड आर्डर के आईपीएस कुंवर राष्ट्रदीप, डीसीपी ईस्ट,एसीपी ने पुलिस लवाजमे के साथ मंदिर में जन्माष्टमी की तैयारियों का जायजा लिया।

जन्माष्टमी पर भक्तों की सहूलियत के लिए पुलिस और मंदिर प्रशासन ने मिलकर बहुत ही बेहतर व्यवस्थाओं की तैयारियां की है। इस बार मंदिर में दर्शन के लिए दो पंक्तियाँ लगाई जायेंगी। जिससे भक्त सिर्फ आधे घंटे के अन्दर की भगवान के दर्शन कर सकेंगे। रात के समय में भी भक्त बहुत ही थोड़े समय में भगवान कृष्ण की सुन्दर छवि के नयनाभिराम दर्शन कर सकेंगे। मंदिर में इस बार पार्किंग के लिए भी बहुत ही पुख्ता इंतज़ाम किये गए हैं। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने दस हज़ार गाड़ियों की पार्किंग का आश्वासन दिया है। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक डायवर्ट करने के निर्देश भी दिए है द्य इसके साथ ही मंदिर प्रशासन ने भी जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आने वाले भक्तों की सुरक्षा और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए इस बार ख़ास इंतजाम किये हैं। जिससे भक्तों को कोई भी असुविधा ना हो। मंदिर के अध्यक्ष अमितासन दास ने पुलिस प्रशासन के सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद प्रेषित किया है।

# फोरहेक्स फेयर के लिए कमेटी और एग्जीबिटर्स के बीच हुआ ट्रेनिंग सेशन

## एग्जीबिटर्स को एग्जिबिशन रूल्स से कराया अवगत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** फेडरेशन ऑफ राजस्थान हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स (फोरहेक्स) का सबसे प्रसिद्ध कार्यक्रम फोरहेक्स फेयर 9 से 12 अगस्त तक जयपुर में आयोजित किया जाएगा। अपने 10वें संस्करण में यह बहुप्रतीक्षित 4 दिवसीय फेयर जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। पिछले कई सालों में फोरहेक्स फेयर कला और शिल्प कौशल और नवाचार का प्रतीक बन गया। फेयर के नजदीक आने से पहले फोरहेक्स फेयर कमेटी तथा एग्जीबिटर्स के बीच में जयपुर के एक होटल में ट्रेनिंग सेशन का आजोयन किया गया। इस सेशन में सभी एग्जीबिटर्स को उनके स्टॉल्स अलॉट किए गए तथा नए एग्जीबिटर्स को फेयर की सभी बारीकियों से अवगत कराया गया। इस दौरान सभी एग्जीबिटर्स को फेयर के रूल्स के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई, जैसे की उनका स्टैंड कहां होगा, स्टैंड का डिस्प्ले कैसा होना चाहिए, फेयर के लिए प्रोडक्ट सिलेक्शन आदि। इसके साथ ही फेयर में इस वर्ष 4 दिन के दौरान स्टूडेंट्स का एक ट्रेनिंग प्रोग्राम भी होगा जिसमें डिजाइन कॉम्पिटिशन, विजुअल डिजाइन कॉम्पिटिशन, वीडियो मेकिंग कॉम्पिटिशन, इंस्टाग्राम रील्स मेकिंग जैसे कई कॉम्पिटिशन का आयोजन किया जायेगा। साथ ही इस वर्ष फूड कोर्ट में भी एग्जीबिटर्स और विजिटर्स के लिए कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन होगें।

# वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाने वाला मुख्य आरोपित गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2022 में स्वयं के स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाने वाले मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी राजस्थान जयपुर वीके सिंह ने बताया कि वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2022 में स्वयं के स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाने वाले मुख्य आरोपित रमेश कुमार राणा (37) निवासी रानीवाड़ा जिला जालौर को गिरफ्तार किया है। अब तक की जांच में सामने आया है कि आरोपित रमेश कुमार राणा द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 में स्वयं द्वारा आवेदन पत्र जारी किया गया। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा रमेश कुमार राणा के नाम से जारी प्रवेश पत्र को आरोपित रमेश कुमार राणा द्वारा कांट-छांट कर प्रतियोगी परीक्षा में सामान्य ज्ञान एवं हिन्दी की परीक्षा के लिए स्वयं के स्थान पर डमी अभ्यर्थी के रूप में क्रमशः आरोपित सुरेश कुमार गोदारा एवं दिनेश कुमार को बैठाया जाने का आपराधिक कृत्य किया जाना पाया गया है। एसओजी की पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# स्टार्टअप ईएफ पॉलीमर के को-फाउंडर अंकित जैन को गुजरात में किया सम्मानित

## आई-हब अहमदाबाद में हुए 'गुजरात चेंजमेकर्स' कार्यक्रम में चेंजमेकर के रूप में मिला सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर /उदयपुर ।** उदयपुर स्थित स्टार्ट अप ईएफ पॉलीमर के को-फाउंडर अंकित जैन को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने व किसानों की मदद करने के लिए 'गुजरात चेंजमेकर्स' कार्यक्रम में पूर्व रेल मंत्री-सुरेश प्रभाकर प्रभु द्वारा सम्मानित किया गया। आई-हब अहमदाबाद, गुजरात में हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाली हस्तियों व चेंजमेकर्स के लिए एक मंच प्रदान करना रहा। बता दें कि जैन को यह सम्मान गुजरात में बिपरजॉय आपदा के दौरान किसानों की मदद करने व कंपनी द्वारा विकसित 'फसल अमृत' के उपयोग से किसानों को संकट के समय में अपनी फसल बचाने के लिए मदद करने के आधार पर दिया गया है। इवेंट के दौरान टीम के सदस्य अनिल सुथार ने 'फसल अमृत' का ग्लास डेमो प्रस्तुत किया। डेमो में यह प्रदर्शित किया गया कि यह उत्पाद किस प्रकार जल की कमी के बावजूद फसलों को स्वस्थ रख सकता है। इस मौके पर गुजरात के मंत्री ने ईएफ पॉलीमर के इस सराहनीय प्रयास को जारी रखने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# मिलने के बहाने घर आकर युवती से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** चित्रकूट बॉयफ्रेंड के एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि आरोपित मिलने के बहाने घर आकर उसके जबरदस्ती दुष्कर्म किया। विरोध करने पर शादी करने का वादा किया। थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि चित्रकूट निवासी 34 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात नीरज से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपित ने उससे दोस्ती कर ली। आरोप है कि मार्च-2024 में आरोपित बॉयफ्रेंड नीरज मिलने के बहाने घर पर आया। घर पर अकेला पाकर आरोपित ने उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर आरोपित ने शादी करने का वादा किया। शादी करने का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म करता रहा। प्रेग्नेंट होने के दौरान शादी करने का दबाव बनाने पर दो साल का समय मांगा।

# अमरापुर दरबार के सेवाधारी लेकर आए कावड़ यात्रा

## गलता के जल से अमरापुरेश्वर महादेव का हुआ जलाभिषेक




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पावन तीर्थ श्री अमरापुर स्थान जयपुर में सावन माह के तीसरे सोमवार को हर वर्ष की भांति श्रावण मास के तीसरे सोमवार को कावड़ यात्रा निकाली । संत मोनू राम ने बताया कि सुबह 4 बजे अमरापुर दरबार के सेवादारी बस द्वारा गलता पहुंचे गलता तीर्थ से जल लाकर मंदिर में स्थित श्रीअमरापुरेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया । अमरापुर धाम में पुष्प वर्षा कर भक्तों ने कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया। संत महात्माओं सेवाधारी द्वारा कांवड़ियों के जल से भगवान भोले नाथ जी की बिल्व पत्र, गौ दुग्ध से पूजा अर्चना, आराधना कर गलता जी से लाए जल से भोलेनाथ का अभिषेक किया। अभिषेक के पश्चात भगवान की मनोरम फूल बंगला झांकी सजाई गई। भगवान को मिष्ठानों का भोग लगाकर महाआरती की।

## सिर्फ भायला

### (भायला से दोस्त एवं दोस्त से फ्रेंडशिप-डे, पश्चात संस्कृति है)



मिले जब दो हस्ती
प्रेम भाव से आपस में
बिना छल कपट और मतलब के
तब वह दोस्त बन जाते हैं जैसे
दोस्त बने श्री राम निषाद के
आए विचारों में सुगंध
मन में महक इत्र सा
वो मित्र हो जाता है जैसे
श्री कृष्ण मित्र थे सुदामा के
दे मुसीबत में साथ
विचारों में ना हो
कोई प्रश्न चिन्ह
विश्वास हो अटूट जिस पर
वो यार हो जाता है
जैसे श्री कृष्ण और अर्जुन
साथ खड़े रहे सदा
बिना किसी संकोच
और किसी लालच के
वो सखा बन जाता है
जैसे द्रोपदी के सखा श्रीकृष्ण
दुख सुख में साथ रहे
बन कर परछाई भाई जैसा
वो भाईला बन जाता है
जैसे आप सब हो भाईले दुब्बी के।

# ब्यावर में लगातार 3 दिन से हो रही है मूसलाधार बारिश, एक की मौत

## कई क्षेत्र हुए जलमग्न, बेसमेन्टो मे भरा पानी, नदियों के उफान पर होने से सड़के टूटी

### जिला कलेक्टर ने 6 अगस्त को भी कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों की छुट्टी की, प्रशासन रहा मुस्तैद

बढ़ता राजस्थान






**ब्यावर,( नि.स. )।** ब्यावर मे पिछले 3 दिनो से लगातार हो रही बारिश के कारण कहीं पेड गिरे तो कहीं दिवारे और एक दो स्थानों पर तो जलमग्न होने के कारण कुछ लोग पानी में तैरने के लिये उतर गये। इनमें से एक युवक की मौत होने के भी समाचार मिले हैं। बारिश अभी भी बूंदाबांदी के रूप में जारी हैं। वहीं जिला व स्थानीय प्रशासन भी तीनों दिन से मुस्तैदी के साथ लगा हुआ हैं। जिन गली मौहल्लों में पानी के भरने की जानकारी मिल रहीं हैं, वहां उन्हें तत्काल प्रभाव से फायर ब्रिगेड के वाहनों से खाली कराया जा रहा हैं और आमजन को चेतावनी दी जा रही है इस भारी बरसात के दौरान घरों से आवश्यक कार्य होने पर ही बाहर निकले अन्यथा अपने घरों में रहकर ही अपने कार्य को निपटाये। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने बारिश की चेतावनी को मध्यनजर रखते हुए 6 अगस्त मंगलवार को भी कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिये अवकाश की घोषणा की है लेकिन स्कूलों में स्टाफ मौजूद रहेगा। जिले के तमाम अधिकारियों को भी बरसात की चेतावनी को मध्यनजर रखते हुए अपने-अपने क्षेत्रों मे मुस्तैदी के साथ अपनी नजरे बनाये रखने के निर्देश दिये हैं।

ब्यावर में हालात इतने बदतर बने हुए है कि जो नगर परिषद शहर की सफाई व्यवस्था पानी के भराव के बाद निकासी की व्यवस्था आदि सही तरीके से ना होने के कारण लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तीन दिन से लगातार हो रही बारिश का परिणाम यह हैं कि नगर परिषद खुद पानी में डूबी पड़ी हैं। इतना ही नहीं पास में कसाबान मौहल्ले की पूरी गन्दगी पानी में बहकर नगर परिषद में प्रवेश कर गयी। नगर परिषद में जगह जगह मांस के लोथडे व मछलियां मरी पड़ी हैं। नगर परिषद आयुक्त के मकान के ठीक सामने बना कचरे का डिपो बुरी तरह सड़ान मार रहा हैं। यानि कहा जा सकता है कि लोग वहां नारकीय जीवन जीने के लिये मजबूर हैं। तीन दिन से लगातार नगर परिषद पानी में डूबी हुई है उसके जल को तोडने के लिये प्रयास किये गये लेकिन लगातार बारिश होने के कारण पानी टूट नही पा रहा हैं।

इसी तरह शहर के विभिन्न क्षेत्रों मे पानी भरा हुआ है जिसमें फतेहपुरिया दोयम, कुमावत कॉलोनी, डिग्गी मौहल्ला, सांखला कॉलोनी आदि कई जगह है। जहां तक जिले की बात की जाये तो मकरेडा तालाब, ब्यावर पीसांगन रोड पर बनी ब्यावर खास नदी, पाखरियावास तालाब सहित ब्यावर का बिचडली तालाब लबालब हो चुके हैं। इनकी चादर चलने की भी जानकारी मिली हैं। इसके अलावा ब्यावर पीसांगन मार्ग के क्षतिग्रस्त होने और जालियां रोड पर भी अधिक पानी आने के कारण सडक के टूटने की जानकारी मिली हैं। ब्यावर के कुछ बेसमेन्टो मे पानी भर जाने के कारण नगर परिषद आयुक्त श्रवण चैधरी व उनकी टीम ने फायर ब्रिगेड की मशीनों से पानी बाहर निकाला गया वहीं रेलवे विभाग के अधिकारियो को चेतावनी देकर उनके अण्डरग्राउण्ड रास्तों में भरे पानी को बाहर निकाला गया हैं। ब्यावर के राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय के कुछ स्थानों पर पानी के भर जाने से अफरा तफरी मची रही। मरीजों को एक वार्ड से दूसरे वार्ड मे स्थानान्तरित कर उन्हें राहत पहुंचाई गयी।

# चूरू कार्यकाल की यादों को ताजा कर भावुक हुए पूर्व डीजीपी उमेश मिश्रा

## स्व. रंजना देवी सोनी की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा धर्मस्तूप पुलिस चौकी में स्थापित वाटर कूलर का पूर्व डीजीपी मिश्रा जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, एसपी जय यादव, श्योपुरा बालाजी धाम के हरिचरण पुजारी ने किया लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान



**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा मंगलवार को यहां धर्मस्तूप पुलिस चौकी में आयोजित कार्यक्रम में एसपी के तौर पर चूरू में अपने पहले कार्यकाल की यादों को ताजा करते हुए भावुक नजर आए। उस जमाने के अपने सहयोगियों, परिचितों से पूर्व डीजीपी ने बड़ी ही आत्मीयता और स्नेह के साथ मुलाकात की और अपने संस्मरण साझा किए। अवसर था भामाशाह राजेंद्र सोनी द्वारा अपनी धर्मपत्नी स्व. रंजना देवी सोनी की स्मृति में स्थापित वाटर कूलर के लोकार्पण का। पूर्व डीजीपी उमेश मिश्रा, जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, एसपी जय यादव, श्योपुरा धाम के हरिचरण पुजारी, एडीएम उत्तम सिंह शेखावत ने वाटर कूलर का लोकार्पण किया।

इस मौके पर पूर्व डीजीपी मिश्रा ने कहा कि जब मैं चूरू एसपी था, तब एकदम जवान था। जवान एसपी का जनता के लिए काम करने का एक अलग ही जज्बा होता है। मुझे यहां की जनता का भरपूर सहयोग मिला और एक यादगार कार्यकाल मुझे मिला। उन्होंने राजेंद्र सोनी और सोनी परिवार की सराहना करते हुए कहा कि चूरू अंचल में परोपकार के लिए अपने खून-पसीने की कमाई लगाने की एक जोरदार परम्परा रही है। राजेंद्र सोनी ने उसी परम्परा का निर्वहन किया है जो अत्यंत सराहनीय एवं पुण्य का कार्य है। उन्होंने स्व. जसकरण सोनी को याद करते हुए सोनी परिवार के फोटोग्राफी और पत्रकारिता में योगदान की सराहना की। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने वाटर कूलर के लिए दानदाता राजेंद्र सोनी की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी को अपनी क्षमता के अनुसार समाज को वापस लौटाने का काम करना चाहिए। उन्होंने उमेश मिश्रा के प्रति लोगों की आत्मीयता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि निस्संदेह इन्होंने जिले में बेहतर कार्य किया है, यही कारण है लोगों के दिलों पर आज कई दशक बीत जाने पर भी इसकी छाप है। सभी लोकसेवकों के जनता के लिए बेहतर काम करने का जज्बा होना चाहिए। एसपी जय यादव ने कहा कि जनता का सहयोग पुलिस के कार्य को बहुत आसान कर देता है। बिना वर्दी के भी व्यक्ति कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में बेहतर काम कर सकता है। पुलिस और जनता मिलकर काम करेंगे तो निस्संदेह बेहतर काम होगा। उन्होंने वाटर कूलर दान के लिए राजेंद्र सोनी की सराहना की।

दानदाता राजेंद्र सोनी ने पूर्व डीजीपी के कार्यकाल के संस्मरणों को याद किया और कहा कि मिश्रा की कार्यशैली और विचारों से बहुत प्रभावित रहे। इस दौरान एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, एएसपी लोकेंद्र दादरवाल, डॉ एमएल शामसुखा, डॉ पीपी गोयल भी बतौर अतिथि मंचस्थ थे। सामाजिक कार्यकर्ता अख्तर खान ने आभार जताया। प्रो. कमल कोठारी ने कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया।

इस दौरान पूर्व पीएमओ डॉ एफएच गौरी, एडीपीआर कुमार अजय, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, स्व. रंजना देवी के पुत्र राहुल, पंकज व एवं रजत, एपीआरओ मनीष कुमार, कोतवाल मुकुट बिहारी मीणा, चौकी प्रभारी एएसआई सुरेश कुमार, देवकरण सोनी, जगदीश सोनी, विजय कुमार सोनी, राजेंद्र सोनी, अंजनी कुमार, हुक्मीचंद सोनी, एडवोकेट अर्पित सोनी, चुन्नीलाल सोनी, आजाद सोनी, शैलेंद्र सोनी, महेंद्र सोनी, राहुल सोनी, पंकज सोनी, रजत सोनी, अशोक सोनी, दिनेश सोनी, प्रियंका सोनी, अंबिका सोनी, बेबी सोनी, राजपाल राठौड़, दशरथ सोनी, गन्नी मोहम्मद खान, राधेश्याम, गिरधारी सिंह, प्रो बीके अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, पूर्व पुलिसकर्मी, पत्रकार, वरिष्ठ नागरिक एवं सोनी परिवार के सदस्य एवं शुभचिंतक मौजूद रहे।

# बीसलपुर बांध में भारी पानी की आवक, मोतीसागर पर 5 इंच और दाखियाँ बांध पर डेढ़ फुट चादर चली

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( नि.स. ) ।** उपखंड क्षेत्र और कैचमेंट एरिया में लगातार बारिश होने की वजह से बीसलपुर बांध में सोमवार शाम 8.00 बजे तक 86 सेंटीमीटर पानी की आवक हुई है । सोमवार शाम 8.00 बजे तक बीसलपुर का जलस्तर 311 मीटर को छू गया है। शनिवार तक बीसलपुर बांध का जलस्तर 310, 14 तक स्थिर था यहां शनिवार की देर रात को शुरू हुई बारिश ने सोमवार की सुबह तक देवली उपखंड क्षेत्र को पानी से सराबोर और कर दिया जानकारी के अनुसार उपखंड क्षेत्र में कल हुई व्यापक वर्षा के फलस्वरूप बीसलपुर परियोजना के कमाण्ड क्षेत्र में धुआँकला स्थित मोती सागर बाँध और करीमपुरा स्थित दाखियाँ बांध अपनी पूर्ण भराव क्षमता प्राप्त की और चादर चली। सोमवार को सायँ 6.00 पर मोतीसागर पर 5 इंच और दाखियाँ बांध पर डेढ़ फुट चादर चल रही थी। इधर बीसलपुर परियोजना के अधिशासी अभियंता मनीष बंसल ने जानकारी में बताया कि मोतीसागर बाँध की पूर्ण भराव क्षमता 454 MCft और दाखियाँ बाँध की 303 MCft है। ऐसे क्षेत्र के बांधों की स्थिति का जायजा सोमवार को लिया गया इस मौके पर बीसलपुर परियोजना के अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र सिंह सागर,अधिशाषी अभियंता मनीष बंसल, सहायक अभियंता जगदीश मीना तथा कनिष्ठ अभियंता पूरण बैरवा व साहून दीन ने क्षेत्र के बांधों की भराव क्षमता और स्थिति का भी निरीक्षण किया ।

वही जानकारी यह भी सामने आई की उक्खंड क्षेत्र के चांदली तालाब की चादर भी चल पड़ी यहां लोगों ने बताया कि 2 साल बाद चांदली का तालाब गत वर्ष अपनी भराव क्षमता तक नहीं भर पाया था लेकिन इस वर्ष सावन के महीने में तालाब अपनी भारत और क्षमता को पार करते हुए तालाब के ऊपर लगभग 6 से 8 इंच तक की चादर चल पड़ी।

# जरूरतमंद परिवारों को कपड़ो की आवश्यकता होने पर तुरंत मदद पहुंचाई

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा ( नि.स. )।** उपखंड कार्यालय के पास स्थित क्रेशर कच्ची बस्ती में रह रहे जरूरतमंद परिवारों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं ।जानकारी देते हुए पार्षद मनीष गिरी ने बताया की क्रेशर कच्ची बस्ती में रहने वाले एक सदस्य ने उन्हें रविवार हाट में सूचना दी और बताया की बस्ती में कई परिवारों को पहनने के लिए कपड़ो एवम् बर्तन की आवश्यकता हैं ।पार्षद ने परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी में घर-घर पहुंच कर करीब 15 गठरी कपड़े एवम बर्तन इकट्ठे किए और अपनी कार से क्रेशर कच्ची बस्ती में रह रहे परिवारों के बीच पहुंचे । उन्होने बताया की बस्ती के लोग उनकी गाड़ी को हमेशा की तरह पहचान गए और उनके चेहरे खिल उठे बस्ती में कपड़े एवम बर्तन वितरण में पार्षद मनीष गिरी, तरुण छाबड़ा, विनोद बोयत ने सहयोग किया। पार्षद गिरी ने आमजन से अपील करते हुए बताया की शहर में एवम् आसपास कई ऐसे परिवार हैं जिनकी हम किसी न किसी तरह मदद कर सकते हैं, आपके घर में काम नही आने वाली किताबे,कपड़े,जूते,चप्पल,टिफिन बॉक्स आदि इस तरह की चीज़े गरीब जरूरतमंद परिवारों को दी जा सकती हैं , जो भी मदद करने के इच्छुक हैं वे किसी भी समय 7597882874 पर व्हाट्सएप या फोन करके उनसे संपर्क कर सकते हैं, आपकी छोटी सी मदद किसी के जीवन में खुशी बिखेर सकती हैं।

# श्योपुर विद्यालय में कम्युनिटी इन्वॉल्वमेंट डे का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सोमवार को श्योपुर गाँव स्थित महात्मा गांधी राजकीय विधालय शाला प्रांगण में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के राज्य परियोजना शिक्षा सप्ताह के अंतिम दिन कम्युनिटी इन्वॉल्वमेंट डे मनाया गया । जिसके तहत समुदाय को विद्यालय से जोड़ने के लिए विद्यार्थियों की रैली निकाल कर पोस्टरों का प्रदर्शन किया गया । इस समारोह के मुख्य अतिथि मोहित टेलर ओर विशिष्ट अतिथि के रुप में यधुराज शर्मा,सुरेश महरवाल, डॉ.राकेश केदावत, भरतलाल अग्रवाल् रहे। विद्यालय परिवार ने सभी भामाशाह का माला एवम् साफ़ा पहनाकर ओमप्रकाश शर्मा ,नरेन्द्र कुमार शर्मा,बिमलेश शर्मा आदि अध्यापकों ने स्वागत किया । संजनी शर्मा प्रिंसिपल ने सभी भामाशाह को प्रशस्तिपत्र दे कर सम्मानित किया ।विधालय के सभी बच्ची ओर बच्चो के लिए कृष्ण भोग एवं वृक्षारोपण और वितरण का कार्यक्रम भी किया गया । इस समारोह के अन्त में राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम् भी प्रस्तुत किए गयें ।


# विमानन सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान में एविएशन सिक्योरिटी कल्चर वीक का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भारत सरकार की नागर विमानन सुरक्षा के तत्वाधान में इंटेलिजेंस ट्रेंनिंग एकेडमी जयपुर स्थित एविएशन सिक्योरिटी ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में एविएशन सिक्योरिटी कल्चर वीक का शुभारंभ सोमवार को आईजी सुरक्षा राजस्थान राजेश मीणा की अध्यक्षता में आयोजित एक समारोह में किया गया। समारोह के शुभारंभ के अवसर पर आईजी मीणा ने बताया कि सोमवार 5 अगस्त से 11 अगस्त तक एविएशन सिक्योरिटी कल्चर वीक मनाया जा रहा है। श्री मीणा ने इस अवसर पर वहां मौजूद हॉटल मैनेजमेंट के छात्रों को हवाई सुरक्षा के बारे में बताया। समारोह के दौरान वरिष्ठ नागरिक उड्डयन सुरक्षा अधिकारी ईश्वर सिंह द्वारा विमान यात्रा के दौरान कैटरिंग सुरक्षा के बारे में व्याख्यान दिया गया। समारोह में बीसीएएस से पधारे हुए अधिकारी, इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ हॉटल मैनेजमेंट के अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं तथा उप महानिरीक्षक पुलिस एवं निदेशक, एएसटीआई, राजस्थान दीपक भार्गव सहित इंटेलिजेंस प्रशिक्षण अकादमी जयपुर के प्रशिक्षणार्थी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अन्त में अकादमी निदेशक दीपक भार्गव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अब डबल इंजन की सरकार के साथ राजस्थान नित नई ऊचाईयों को छूने के लिए लगातार प्रयासरत और कटिबद्ध है : मदन राठौड़

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर शुरू की गई मिशन शक्ति योजना पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष सांसद मदन राठौड़ ने राज्यसभा में सवाल लगाया। राठौड ने महिला सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति योजना को लेकर राजस्थान राज्य का 2021 से लेकर 2023-24 तक का ब्योरा मांगा। सवाल के जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा बताया गया कि भारत सरकार ने 15वें वित्त आयोग की अवधि 2021-22 से 2025-26 के दौरान राजस्थान राज्य सहित संपूर्ण देश में महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए अम्ब्रेला स्कीम के रूप में एक्रीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम मिशन शक्ति शुरू किया गया। इसके अन्तर्गत राजस्थान राज्य को पिछले तीन वर्ष 2021-22 में 123.84 करोड़, 2022-23 में 90 करोड़ और 2023-24 में 144.18 करोड़ का बजट जारी किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार देश के हित में तमाम मुद्दों को लेकर सजग है। उसी के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति योजना में राजस्थान को पिछले तीन वर्षों में लगभग 358 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई। केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान को इतना बजट देने के बावजूद भी कांग्रेस के शासन में महिलाओं की स्थिति बहुत ही दयनीय रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक राज्य के विकास के लिए बजट जारी कर रही है।

## कार्यालय नगरपालिका उनियारा (टोंक) राज.
Office of the Municipal Board, Uniyara (Tonk) Rajasthan
Tel.- (01436) 265334 E-mail : npdeoli@gmail.com

क्रमांक : न.पा.उ./भण्डारण/2024-25/1833 दिनांक : 01.08.2024


### निविदा सूचना

नगरपालिका उनियारा (टोंक) द्वारा नगर निकाय उनियारा एवं राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्ध ठेकेदारों/संवेदको एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनो में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर एवं कार्यालय समय में उपलब्ध है :-

| | |
|---|---|
| निविदा के कुल कार्य | NIB CODE DLB2425A1539, 03 (बारह) UBN No. – DLB2425SSRC04872 |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि रू. 13.00 लाख |
| निविदा जारी करने की दिनांक | 02.08.2024 |
| निविदा दस्तावेज क्रय करने की दिनांक व समय | 09.08.2024 & Time 10.00 AM to 01.00 PM |
| निविदा दस्तावेजों को जमा करवाने की दिनांक व समय | 09.08.2024 & Time 03.00 PM |
| निविदा दस्तावेजों को खोलने की दिनांक व समय | 09.08.2024 & Time 04.00 PM |

राज.संवाद/सी/24/3354
अध्यक्ष नगरपालिका उनियारा (टोंक)
अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका उनियारा (टोंक)

## जमानत



बड़ा ही अद्भुत सा शब्द है अग्रेजी में बेल को जमानत कहा गया है। आप क्या सोच रहे हैं कि अपराध सिर्फ अपराधियों की गतिविधियों के कारण ही बढ़ता है या फिर समाज में अपराधिक सोच के कारण अपराध बढ़ रहा है तो मैं उत्तर दूंगा नहीं। एक झूठी या सच्ची जानो पर एक कहानी के माध्यम से प्रकाश ड़ालने का प्रयास कर रहा हूं कि आखिर अपराध की जड़ है क्या?

सुनिल(बदला हुआ नाम) एक छटां हुआ अपराधी है उसने कुछ दिन पहले ही किसी की सुपारी ली थी मारने की नहीं बल्कि हाथ पाँव तोडने की। ऐसे में जिस दिन सुपारी ली उसी दिन से वो उक्त व्यक्ति की रैकी करने लगा। एक दिन वो अमुक व्यक्ति अपने गाँव जा रहा था तो रास्ते में उसे रोककर उस पर हमला किया उसके सिर पर किसी धारधार हथियार की चोट मारी,पॉव में भी लट्ठ मारकर उसे घायल कर दिया। उक्त व्यक्ति ने जैसे-तैसे भाग कर जान बचाई और गाँव वालों ने उसे हॉस्पिटल पहुँचाया। जहां उसका मेडिकल हुआ। सुनिल की खिलाफ उक्त सभ्रांत व्यक्ति ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया और कातिलाना हमले की रिर्पोट दर्ज करवाई। सुनिल के खिलाफ पुलिस और मेडिकल ज्यूरिष्ट ने धारधार हथियार से मारे जाने और गंभीर चोट के लिए दफा 307 लगाई। अब शुरूआत होती है भादस की धारा को बनाए रखने की तो वाट्सऐप कॉलिंग के जरीए पुलिस के आईओ ने उक्त व्यक्ति को कहा कि यदि दो लाख मुझे और तीन लाख मेडिकल ज्यूरिष्ट को नहीं दिये तो हम धारा को रोके नहीं रख पाऐंगे। माना कि तुम्हारे काफी लगी है और तुम्हारी जान भी जा सकती थी लेकिन क्या करें हमारे भी बच्चें हैं बदमाश सुनिल 10 पेटी दे रहा है 3 मुझे और 7 मेडिकल ज्यूरिष्ट को। अब हमें भी ऊपर जाना है क्या मुँह दिखाऐंगे इसलिए काफी सोच विचार कर तुम्हारी हालत देखकर हमने सिर्फ तुम्हारे लिए हमारे पाँच लाख का नुकसान किया है। क्योंकि तुम्हारे उपर सच में हमला हुआ और आरोपी को उसके किए की सजा मिलनी ही चाहिए इसलिए ये मामला पाँच में सैट किया है। उक्त व्यक्ति साधारण परिवार से था और सर्घष के दिन काट रहा था इसलिए पाँच लाख देने से साफ इंकार कर दिया। फिर क्या था जैसा होता आया है बदमाश सुनिल ने सच में सौदा कर दिया। मेडिकल ज्यूरिष्ठ ने धारधार हथियार से हमला रिर्पोट में से हटा दिया इधर पुलिस के थाणेदार(अनुसंधान अधिकारी)ने दफा 307 हटा दी। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। बहस हुई कोर्ट ने ब्रीफ देखी,मेडिकल रिपोर्ट देखी और कोर्ट ने मामले को हल्की कहासुनी व झगडा मानकर कर नामचीन बदमाश सुनिल को जमानत दे ड़ाली। उक्त व्यक्ति कोर्ट में लिखे हुए सत्यमेव ज्यते शब्द को देखकर बेबस दिखाई दे रहा था। बस इतनी सी कहानी है हमारे देश की जहां पिड़ित पिड़ित ही रह जाता है और बदमाश मुस्कुराता हुआ बाहर निकल आता है। गाँधी जी दाण्डी यात्रा में दौड़े उसका तो विड़ियों में दिखाई नहीं दे रहा लेकिन आज गाँधीजी(भारतीय मुद्रा) इतनी तेज दौड़ रहे हैं कि बस पूछों ही मत।

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी**
**अवलर संस्करण,**
**बढ़ता राजस्थान**

# बाड़ी जिला अस्पताल ने लक्ष्य किया हासिल, केंद्र की टीम ने दिया तबका

## तीन साल में अस्पताल को मिलेंगे दस लाख रूपये, प्रसूति कक्ष की सुविधाओं में होगा विस्तार

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के जिला अस्पताल का प्रसव कक्ष अब नेशनल लक्ष्य सर्टिफाइड हो गया है। केंद्र से आई मेडिकल और जांच टीम ने विभिन्न मानकों पर इसे खरा पाते हुए 100 में से 86 अंक दिए हैं। स्टाफ के दिन रात की मेहनत से यह लक्ष्य पाने में यह अस्पताल सफल साबित हुआ है। ऐसे में अब इस जिला अस्पताल के प्रसव कक्ष में प्रसूताओं को वातानुकूलित माहौल में प्राइवेट हॉस्पिटल जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी जिससे शिशु और मातृ मृत्यु दर में कमी आएगी। धौलपुर जिले में लक्ष्य सर्टिफाइड होने वाली यह तीसरी मेडिकल संस्था है। इससे पूर्व धौलपुर का जिला अस्पताल और मनिया का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यह लक्ष्य हासिल कर चुका है। ऐसे में केंद्र सरकार से जिला अस्पताल को 3 वर्ष में 10 लाख रुपए का पैकेज मिलेगा। जिससे डिलीवरी वार्ड की सुविधाओं में और विस्तार होगा। बाड़ी जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ हरकिशन मंगल ने बताया की राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अस्पताल के एमसीएच विंग स्थित प्रसव कक्ष नेशनल लक्ष्य सर्टिफाइड हुआ है। अभी तक जिले से लक्ष्य सर्टिफाइड होने वाली तीसरी संस्था है। लक्ष्य सर्टिफाइड होने पर धौलपुर सीएमएचओ डॉ.जयंती लाल मीणा ने अस्पताल स्टाफ को बधाई देते हुए बताया कि एमसीएच विंग की इकाई प्रसव कक्ष का नेशनल लक्ष्य असेसमेंट केंद्रीय टीम डॉ पूनम जून व मृनालिनी उपाध्याय ने विगत माह की 5 जुलाई को किया। जिसमें प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता और रिकार्ड संधारण में लेबर रूम 86 प्रतिशत अंक लाकर नेशनल लक्ष्य सर्टिफाइड हुए । पीएमओ डॉ हरिकिशन मंगल ने बताया कि आगामी 3 साल तक मिलने वाली राशि से प्रसव कक्ष और मैटरनिटी ओटी की सेवाओं में विस्तार के साथ गुणवत्ता आएगी और प्रसूताओं को सेवाएं सुगमता से प्राप्त हो पाएंगी। आगामी एक साल मे मैटरनिटी ओटी को भी लक्ष्य के मानको पर तैयार करना है।

**इनका रहा सहयोग :** जिला स्तर से यूएनएफपीए प्रतिनिधि रिपुंजय कुमार ने इस संस्थान की नियमित विजिट कर आवश्यक संसाधनों, रिकॉर्ड और लक्ष्य संबंधी कार्यों को पूरा कराकर लगातार सुधार के प्रयास किए। वहीं जिला स्तर से जिला शिशु प्रजनन स्वास्थ्य अधिकारी डा शिव कुमार शर्मा तथा डीपीएम शशांक वशिष्ठ और जिला अस्पताल से पीएमओ, डॉ. हरिकिशन मंगल डा. सिद्धार्थ गोयल,डा. मनोज,डा. विवेक,डा. विजय भारद्वाज, डा. पवन गोस्वामी, डा. टोनी पाठक,राजकुमार मोदी,प्रसव कक्ष इंचार्ज धीरज पचौरी व उनकी पूरी प्रसव कक्ष स्टॉफ टीम (नर्सिंग स्टॉफ,सफाई कर्मचारी,यशोदा, इत्यादि) का विशेष सहयोग रहा।

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से बिगड़े शहर के हालात, जगह जगह फैली गंदगी

## प्रदेश सगठन के आव्हान पर भर्ती के विरोध में सफाई कार्मिक हड़ताल पर डोर टू डोर कचरा संग्रह का कार्य भी बंद, पालिका प्रशासन नहीं कर सका वैकल्पिक व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** पिछले शुक्रवार से शहर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल चल रही है। प्रदेश संगठन के आव्हान पर सभी कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। ऐसे में अब तीन दिन में ही शहर के हालात बदतर नजर आ रहे हैं। शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर जमा है और उसमें से बदबू उठने लगी है। ऐसे में जहां दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शहर के लोगों में भी आक्रोश देखा जा रहा है। हड़ताल के दिन नगर पालिका द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात कही गई थी लेकिन नगर पालिका प्रशासन कोई वैकल्पिक इंतजाम नहीं कर सका है और तो और डोर टू डोर कचरा संग्रह करने वाली टीम बेसिक्स कंपनी भी कचरा उठाने में फेल हो गई है। जबकि उसका हड़ताल से कोई लेना देना नहीं है।

सफाई कर्मचारी यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र बागड़ी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों की भर्ती को लेकर वार्ता में जो आश्वासन दिया था उसे पर कोई काम नहीं हुआ और तो और वाल्मीकि समाज के लोगों को सफाई कर्मचारी भर्ती में प्राथमिकता नहीं दी जा रही। सभी जाति के लोगों को सफाई भर्ती में शामिल किया जा रहा है। जिसका विरोध हैं। इसी को लेकर प्रदेश संगठन के आव्हान पर शुक्रवार से सभी सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। दुकानदार अल्ताफ खान बताया कि हालांकि उनकी जाली,गेट और अल्युमिनियम फीलिंग की दुकान है।लेकिन दुकान पर जो कर्मचारी काम करते हैं उनको बदबू में काम करने में परेशानी हो रही है। नगर पालिका प्रशासन में इसको लेकर शिकायत भी की है लेकिन वहां से कोई संतुष्ट हो जवाब नहीं मिला।

**डोर टू डोर कचरा संग्रह करने वाली कंपनी भी फेल :** शहर के घरों से कचरा संग्रह करने के लिए नगर पालिका ने अनुबंध पर टीम बेसिक्स कंपनी को लगा रखा है। जिसको लाखों रुपया कचरा संग्रह और उसके निस्तारण के नाम पर दिया जा रहा है। हड़ताल के समय कंपनी का काम भी फेल है। जबकि उसका इस हड़ताल से कोई संबंध नहीं है। डोर टू डोर कचरा संग्रह नहीं होने से और परेशानी बढ़ गई है।

**इनका कहना है :** नगर पालिका के सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा का कहना है कि शुक्रवार से सफाई कर्मचारी हड़ताल पर गए हैं। इसको लेकर ऊपर सूचना दी गई है। वैकल्पिक व्यवस्था के प्रयास किया जा रहे हैं लेकिन सफाई कर्मचारी नहीं मिल पा रहे। वही टीम बेसिक्स के अधिकारियों को भी कचरा संग्रह करने के लिए निर्देश दिए हैं। सोमवार तक व्यवस्था में सुधार की संभावना है।

# आज प्रदेश में संवैधानिक संकट खड़ा हो गया है : नेता प्रतिपक्ष जूली

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने एक बड़ा बयान दिया, जूली बोले आज प्रदेश में संवैधानिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एपीपी की नियुक्ति पुराने कानून यानी सीआरपीसी के तहत की है इसलिए यह नियुक्ति शून्य हो जाती है।जूली ने कहा कि अब देश में सीआरपीसी की जगह नए कानून लागू हो चुके हमने आसान से मांग की है कि इस पर सरकार का जवाब आना चाहिए सरकार इस पर कोई जवाब नहीं देना चाहती। जूली बोले सत्ता पक्ष के लोग हमें उकसाते हैं जिससे गतिरोध उत्पन्न हो जाता है। नियमों के तहत हमें जो अधिकार प्राप्त है हम उसी के तहत अपनी बात रख रहे हैं जो चीज गलत होगी हम उसका विरोध करेंगे।जूली ने कहा कि हमारे सदस्य मुकेश भाकर को बाहर निकाला गया साथ ही महिला सदस्य के साथ हाथापाई की गई जो कि निंदनीय है जब मैं बोल रहा था तो सता पक्ष के सदस्य दूसरी तरफसे बोल रहे थे जिसे बैठने के लिए हमारे विधायक ने कहा था ऐसे में हमारे विधायक पर जो कार्रवाई हुई वह गलत है। जूली ने कहा कि सदन में कानून और नियमों की धज्जियां उड़ रही है। हम सदन में बैठकर धरना देंगे। जूली बोले सरकार के एक मंत्री द्वारा अपने बेटे को एएजी नियुक्ति दिला दी गई। जूली बोले की बीएनएस बजाय सीआरपीसी में नियुक्ति दे दी गई जो कि नियमों की अवहेलना है। इस मामले को लेकर सदन में विपक्ष ने जोरदार नारेबाजी करते हुए वेल तक आए। उन्होंने कहा कि संविधान के नियम 206 के तहत राज्य सरकार बाध्य है। जूली ने विधानसभा में अग्नि वीर सैनिकों के शहीद होने पर राहत पैकेज का भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अग्निवीर सैनिकों को राजस्थान सरकार शहीद का दर्जा नहीं दे रही है उन्हें अलग से कोई सहायता राशि नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह बड़ा संवेदनशील मामला है। सरकार देश और प्रदेश के सैनिकों के साथ दोहरा रवैया अपना रही है। नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि सदन में अलवर में प्रदूषण को लेकर उठाया सवाल काफी गंभीर है, उन्होंने कहा कि प्लांट लगा हुआ है जो कचरा फैलाता है। प्रदूषण विभाग में उसकी रिपोर्ट है, शाम के समय वहां से कोई जा नहीं सकता ऐसा लगता है जैसे कोहरा छाया हुआ है। उन्होंने कहा कि बड़ी विडंबना है कि एनसीआर में शामिल अलवर और देश और प्रदेश के पर्यावरण मंत्री अलवर के विधायक और सांसद हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थाओं के नियमों की अवहेलना का खामियाजा आसपास की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# स्कूल में लाठी डंडों से मारपीट, दर्जनभर लोगों ने किया हमला, स्टाफ घायल; स्कूल प्रबंधक ने कराया मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर में बसेड़ी थाना क्षेत्र के बयाना रोड स्थित एक निजी स्कूल में मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। स्कूली छात्र को बस में बैठाने को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ असमाजिक तत्वों ने लाठी डंडे लेकर स्कूल में घुस आए। जहां उन्होंने स्टाफ की मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में एक युवक घायल हुआ हैं। घटना को लेकर स्कूल प्रबंधक ने थाने में मामला दर्ज कराया है। निजी स्कूल के प्रबंधक विवेक मित्तल द्वारा दर्ज कराए गए मामले में बताया गया है कि शनिवार को दो लोग उसके स्कूल में घुस आए और टीचर के साथ अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर दोनों आरोपी स्कूल बंद करने की धमकी देते हुए वापस लौट गए। थोड़ी देर बाद ही 10-12 लोगों के साथ पहुंचे दोनों आरोपियों ने स्कूल में घुसते ही मारपीट शुरू कर दी। ऑफिस में घुसकर स्कूल का रिकॉर्ड फाड़ दिया। स्कूल स्टाफ रिन्कपालसिह, गजेन्द्रसिह, विशाल, वकीलसिह के साथ लाठी डंडों से मारपीट की गई। जिससे रिन्कपाल के चेहरे व पीठ पर चोट आ गई। आरोपियों ने स्टाफ रिन्कपाल के कान से सोने की बाली को खींच लिया। जिसके बाद सभी आरोपी स्कूल को बंद करने की धमकी देकर भाग निकले।घटना के बाद स्कूल प्रबंधक ने बसेड़ी थाना पुलिस को सूचना दी। मामले में सीसीटीवी फुटेज के साथ स्कूल प्रबंधक ने पुलिस को लेकर शिकायत भी हैं। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी हैं।

# बड़ी रेल लाइन डाले जाने से घिराबर की बगिया गांव का रास्ता अवरुध्द, ग्रामीणों ने सौपा ज्ञापन

## रेलवे प्रशासन से पुलिया बनाये जाने की मांग, अन्यथा ग्रामीण होंगे परेशान

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (नि.स.)।** शहर में इन दोनों धौलपुर से गंगापुर तक छोटी रेल लाइन को बड़ी रेल लाइन में बदले जाने का काम चल रहा है। नागरिकों की करीब 5 दशक पुरानी इस मांग पर केंद्र सरकार ने स्वीकृति देते हुए काम शुरू कराया है। ऐसे में छोटी रेल लाइन को उखाड़ कर बड़ी रेल लाइन डाली जा रही है लेकिन बड़ी रेल लाइन डाले जाने से कई गांव के ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। गांव घिराबर की बगिया के ग्रामीणों ने सोमवार को उक्त परेशानी को लेकर बाड़ी एसडीएम राधेश्याम मीणा को ज्ञापन सोपा है। जिसमें गांव को जाने वाले रास्ते को बड़ी रेल लाइन से बंद नहीं करने और ग्रामीणों को रास्ता उपलब्ध कराने की मांग की गई है। उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण सतीश शर्मा, कुलदीप, सुरेश, रामरतन, रमेश, अशोक,सुरेंद्र आदि ने बताया की बड़ी रेल लाइन का काम चलने से उनके गांव को जाने वाला रास्ता बंद हो रहा है। गांव घिराबर की बगिया मजरा कुहावनी के पास स्थित है। जो 30 से 35 घरों का गांव है। करीब 150 वर्ष पुरानी इस गांव को आने-जाने के लिए सड़क के बीच में छोटी रेल लाइन डली हुई है। जिस पर से होकर ही ग्रामीण और उनके वाहन निकलते हैं लेकिन अब छोटी रेल लाइन की जगह बड़ी रेल लाइन डाली जा रही है। जिससे उक्त स्थान काफी ऊंचा हो गया है। जहां से वर्तमान में पैदल तो ग्रामीण निकल रहे हैं लेकिन उनके वाहन निकलना बंद हो गया है।

ऐसे में उपखंड अधिकारी से ग्रामीणों ने मांग की है कि उनके गांव के लिए उक्त ब्रॉड गेज लाइन की जगह पर रेलवे से पुल स्वीकृत कराया जाए या रास्ते का कोई वैकल्पिक इंतजाम किया जाए। जिससे उनके गांव को जाने वाला रास्ता बंद नहीं हो। यदि वर्तमान में प्रशासन में ध्यान नहीं दिया तो रेलवे की वजह से उनके गांव को जाने वाला रास्ता बंद हो जाएगा और ग्रामीणों को पलायन के लिए मजबूर होना होगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण प्रमोद, पवन, परमेंद्र, राजकुमार,राम लखन, गोपाल, अमन सारस्वत,भगवत कुमार, अभिषेक सहित अन्य मौजूद रहे।

# चम्बल नदी का जलस्तर बढ़ा, जिला प्रशासन ने जारी की एडवाईजरी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** अधीक्षण अभियन्ता केन्द्रीय जल आयोग द्वारा अवगत कराया गया कि 5 अगस्त को चम्बल नदी का जलस्तर 127.80 मीटर था। जो कि वर्तमान संकेतों के आधार पर बढ़कर 129.79 मीटर चेतावनी स्तर पर पहुचने का अनुमान हैं। इसके बाद भी जलस्तर के बढ़ने की सम्भावना है। गौरतलब है कि सोमवार को कोटा बैराज से सुबह 10 बजे 18 हजार 945 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जिससे चम्बल के जलस्तर में सतत वृद्धि हो रही है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि चम्बल नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नदी के किनारों पर नहीं जाऐं ना ही पशुओं को ले जाऐं, सुरक्षित स्थानों पर रहें, सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्मिकां को नदी किनारे वाले क्षेत्रों तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में निरन्तर फील्ड विजिट करने हेतु निर्देशित करें तथा अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी बनाये रखते हुए अपने संसाधनों को क्रियाशील व तैयार रखें।

राहत एवं बचाव दल मय बचाव उपकरणों के अलर्ट रहें।

# बाड़ी ब्लॉक में संपूर्णता अभियान के तहत समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (नि.स.)।** संपूर्णता अभियान के तहत ब्लॉक में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य योजना अधिकारी भरत राव और सांख्यिकी अधिकारी एवं पूर्व सीपीओ मनोज कुमार सिंघल ने मार्गदर्शन किया। बैठक की अध्यक्षता डॉ.सी.आर. मीना, उप मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी और डॉ. जी.एस. मीना, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी ने की।

इस बैठक में प्रत्येक उप-केंद्र से एएनएम, सीएचओ और एमओआईसी द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने न केवल अनुवर्ती कार्रवाई की, बल्कि बाड़ी की एएनएम, सीएचओ और एमओआईसी टीम को आगे बढ़कर लक्ष्यों को गंभीरता से लेने और अगले दस दिनों में एनसीडी स्क्रीनिंग कार्य को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। इस बैठक में 126 से अधिक एएनएम,सीएचओ, एमओआईसी और अधिकारियों ने भाग लिया। बीपीओ बाड़ी देवानंद ने बैठक का संचालन करते हुए प्रत्येक उप-केंद्र के आंकड़े प्रस्तुत किए, जिनकी अधिकारियों द्वारा सख्ती से समीक्षा की गई। पीरामल टीम से विनय सिंह ने बैठक में भाग लिया और अपने सुझाव साझा किए।

# एचआरपीसी के द्वारा 'अपनी सुरक्षा अपने हाथ' शिविर का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन सेल के प्रदेश अध्यक्ष अशोक योगी के निर्देशन में सोमवार को नगर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में पूर्व विधायक अशोक नवलखा के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी की अध्यक्षता में 'अपनी सुरक्षा अपने हाथ' शिविर का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा, स्कूल की प्रधानाचार्य ललिता गाजरे, संभाग अध्यक्ष शिल्पा जैन, संभाग उपाध्यक्ष रेखा रानी तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी श्याम सुंदर अग्रवाल, तहसील अध्यक्ष लीला सोनी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। संगठन की तहसील अध्यक्ष लीला सोनी ने बताया कि संगठन की संभाग अध्यक्ष शिल्पा जैन के नेतृत्व में हर वर्ष लगभग 100 से 150 बच्चों को एक से डेढ़ महीने के लिए आत्म सुरक्षा एवं शस्त्र प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्म सुरक्षा के लिए तैयार किया जाता है। इसी कड़ी में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय निम्बाहेड़ा में इसका शुभारम्भ किया गया है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं पूर्व विधायक नवलखा ने अपने उद्बोधन में बच्चों को शिक्षा के साथ सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया तथा संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए संस्थान के आने वाले सभी कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा नगर अध्यक्ष चतुर्वेदी ने विद्यालय की बालिकाओं को इस तरह के शिविर का लाभ उठाने एवं अपने आप को मजबूत करने का संदेश दिया।

# विधानसभा क्षेत्र में जनजाति छात्रावास खोलने को लेकर विधायक कृपलानी ने रखी विधानसभा में मांग

## जनजाति मंत्री खराड़ी ने दिया प्रस्ताव पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** निम्बाहेड़ा-छोटीसादड़ी विधानसभा क्षेत्र के जनजाति बाहुल्य (टीएसपी क्षेत्र) क्षेत्र सहित निम्बाहेड़ा के जनजाति बाहुल्य वाली ग्राम पंचायतों में जनजाति छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास खोलने की मांग को पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने सोमवार को विधानसभा में प्रभावी तरीके से रखी। इस पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने विधायक कृपलानी की इस मांग को स्वीकारते हुए प्रस्ताव भिजवाने पर कार्यवाही कर शीघ्र ही छात्रवास खोलने के प्रयास करने का आश्वासन दिया।

राजस्थान सरकार के 16 वीं विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को चर्चा के विधायक कृपलानी ने जनजाति विकास मंत्री से तारांकित प्रश्न के माध्यम से जानकारी चाही थी कि सरकार द्वारा गत पांच वर्षों में जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के लिए कितने छात्रावास खोले गए तथा क्या सरकार विधानसभा क्षेत्र निम्बाहेड़ा के जनजाति बाहुल्य क्षेत्र छोटीसादड़ी में नवीन छात्रावास खोलने का विचार रखती है।

ज़िस पर मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने बताया कि विधान सभा क्षेत्र निम्बाहेडा के जनजाति बाहुल्य क्षेत्र छोटीसादडी में अनुसूचित जनजाति छात्रावास खोलने के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त होने पर संसाधनों, अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या, बजट की उपलब्धता एवं अन्य क्षेत्रों के सापेक्ष क्षेत्र विशेष की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए स्वीकृति हेतु सक्षम स्तर से निर्णय किया जा सकेगा।

इस पर पूरक प्रश्न करते हुए विधायक कृपलानी ने कहा कि निम्बाहेड़ा-छोटीसादड़ी विधानसभा क्षेत्र की छोटीसादड़ी तहसील टीएसपी क्षेत्र में आती है, जिसकी करीब चार ग्राम पंचायतों में ईंटों का तालाब, करणपुर कलां, कालाकोट, ढावटा में 95 प्रतिशत से अधिक जनजाति की आबादी तथा 9 पंचायतों में अनुसूचित जनजाति की करीब 56 प्रतिशत से अधिक आबादी निवास करती है तथा नॉन टीएसपी क्षेत्र निम्बाहेड़ा तहसील की दो ग्राम पंचायतों में जहां 60-70 प्रतिशत जनजाति आबादी निवास करती है, क्या वहां सरकार नवीन छात्रावास खोलने का विचार रखती है। इस पर जवाब देते हुए मंत्री खराड़ी ने माना कि विधायक कृपलानी का सवाल और विधानसभा क्षेत्र को लेकर चिंता सही है। उन्होने विधायक कृपलानी को विभाग के द्वारा नवीन छात्रावास खोलने का प्रस्ताव नियमानुसार भेजने को कहा, जिस पर शीघ्र विचार करने का आश्वासन दिया।

विधायक कृपलानी ने विधानसभा क्षेत्र में खोले गए छात्र-छात्राओं के छात्रावासों में क्षमता बढ़ाने को लेकर भी प्रश्न किया, जिस पर मंत्री खराड़ी ने विभाग द्वारा विचार करने का आश्वासन दिया।

# सेवानिवृत पुलिस अधिकारी नवनीत महर्षि ने सपत्नीक लिया देहदान का संकल्प

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान,कोटा संभाग के अध्यक्ष नवनीत महर्षि ने न्यू मेडिकल कॉलेज,कोटा में जाकर स्वयं की देहदान हेतु स्वयं व अपनी पत्नी निशि महर्षि का मानव संरचना विभाग की अध्यक्ष डॉ आरुषि जैन के समक्ष संकल्प पत्र प्रस्तुत किये,जिसकी सर्वत्र सराहना की जा रही है। श्री महर्षि अपनी टीम के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे और संबंधित चिकित्सकों एवं व्याख्याताओं की मौजूदगी में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा इस विषय प्रचलित नियमावली/निर्देशों का अध्ययन भी किया। इस अवसर पर जिला संगठन के सभाध्यक्ष चंद्र सिंह आमेरा,सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,जिलाध्यक्ष तेज राज सिंह,सलाहकार अतहर खान ने एक संयुक्त वक्तव्य जारी कर बताया कि देहदान एक ऐसा अनमोल कार्य है जो चिकित्सकीय अनुसंधान और शिक्षा के उद्देश्य से किसी भी दानी की मृत्यु के पश्चात संपन्न होने वाला महादान है । यह दान शोधकर्ताओं को भविष्य में रोगियों की मदद करने के लिए आवश्यक उपकरण/फीडबैक प्रदान करेगा।कार्यक्रम में उपस्थित समाज सेवी अजय सोरल,महेंद्र पंचोली एवम इकबाल भाई ने कहा कि श्री महर्षि का यह दान अनुकरणीय है जो अन्य व्यक्तियों को भी देहदान हेतु प्रेरित करेगा।

# 5 इंजीनियरों के मकानों में सेंध

## सोने- चांदी के गहने और गैराज में खड़ी कार की चोरी,थर्मल कॉलोनी का मामला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर के कुन्हाड़ी इलाके में अज्ञात बदमाशों ने 5 इंजीनियरों के मकान में सेंध लगाई है। बदमाश सोने-चांदी के गहने, नकदी और गैराज में खड़ी कार चोरी करके ले गए। घटना कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। छबड़ा थर्मल में कार्यरत एक्सईएन शिव कुमार रजक के अनुसार कुन्हाड़ी इलाके में न्यू थर्मल कॉलोनी है। वहां इंजीनियरों के घर है। रविवार रात 12 से सुबह साढ़े 4 बजे के बीच अज्ञात बदमाशों ने एक्सईएन हरीश देवनानी, एसके मुंदड़ा, एईएन प्रकाश नागर, एसई एस आर मीणा व मैरे मकान के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के वक्त मकान में कोई नहीं था। बदमाश उनके मकान से 100 से 125 ग्राम गोल्ड के जेवर जिनमें एक हार सेट 35-40 ग्राम, कान के झुमके, चूड़ियां समेत आधा किलो चांदी के जेवर चोरी करके ले गए। एक्सईएन एस के मुंदड़ा के अनुसार वो छबड़ा में ड्यूटी पर थे। सुबह गार्डन का चौकीदार आया तो उसे मकान का ताला टूटा मिला। गैराज का लॉक भी टूटा था। गैराज में कार नहीं थी। चौकीदार की सूचना पर कोटा पहुंचा। पता लगा एक साथ 5 मकानों में चोरी हुई है। बदमाश घर से चांदी के बर्तन और गैराज में खड़ी ऑल्टो कार चुराकर ले गए। कॉलोनी के गेट पर बदमाश कार को ले जाते हुए सीसीटीवी फुटेज में नजर आए है।कुन्हाड़ी थाना पुलिस के अनुसार 5 मकानों के ताले टूटे है। जिनमें तीन मकानों से बदमाश जेवर व नगदी चोरी करके ले गए। एक कार भी चोरी हुई है। पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

# माली सैनी समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन मांगरोल में सम्पन



बढ़ता राजस्थान

**अंता (नि.स.)।** माली सैनी समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन मांगरोल की पावन धरा पर महात्मा ज्योतिबा फूले छात्रावास में 4 अगस्त को सम्पन हुआ।गजेंद्र सुमन मिर्ज़ापुर ने बताया कि समारोह में समाज मे फैली कुरूतियों को दूर करने समाज को शिक्षा रोजगार के प्रति प्रेरित करने सम्बंदित विषयों पर चर्चा की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश माली महासभा(रजि.) के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद जी गहलोत,प्रदेश महामंत्री संगठन मुख्यालय भवानी शंकर माली कोषाध्यक्ष बहादुर सिंह जी सैनी,बिसना राम जी सैनी सेवानिवृत्त ऋ ओम जी सुमन मिर्ज़ापुर सहित कई गणमान्य लोग मंचासीन रहे।कार्यक्रम में नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी का स्वागत सम्मान कर महासभा का नया जिला अध्यक्ष महावीर सुमन (छीनोद) संगठन महामंत्री गजेंद्र मिर्ज़ापुर,यूथ जिलाध्यक्ष जे.पी.सैनी बारां को मनोनीत कर शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में पधारे सभी समाज बंधुओं का आभार प्रकट किया।

# दीवाना शाह के 83वें तीन दिवसीय उर्स के सुनियोजित आयोजन हेतु उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के 83वें तीन दिवसीय उर्स के सुचारू आयोजन तथा विभिन्न व्यवस्थाओ को लेकर सोमवार को उपखण्ड अधिकारी कपासन राजीव बडगुजर की अध्यक्षता मे बैठक का आयोजन किया गया। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी ने बताया कि 12 से 14 अगस्त 6 सफर से 8 सफर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय उर्स की व्यवस्थाओ को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमे उर्स मेला अवधि मे फायर बिग्रेड,जायरीन हेतु पानी के टेंकर की व्यवस्था,रोड़ लाईट,हाईवे चैराहा से स्टेशन तक आवारा पशु विचरण ना करे,सड़क पर हो रहे खड्डे भरना,ठेलो को हटाना,रोड़ व नालियो की सफाई, माकूल विद्युत व्यवस्था के साथ लाईन मेन को लगाना,अस्थाई नल कनेक्शन,चिकित्सकीय व्यवस्था चिकित्सक लगाना। एम्बूलेन्स मय वाहन चालक उपलब्ध रहे। चित्तौडगढ़-कपासन व स्टेशन मार्ग पर मरम्मत व संकेतक स्पीड ब्रेकर बनाना, पुलिस प्रशासन द्वारा बेरीकेटिंग कर बाईपास से वाहनो हेतु व्यवस्था,अतिरिक्त रोड़वेज बसे लगाना, तहसीलदार उर्स के दौरान भू अभिलेख निरीक्षक पटवारी व अन्य की ड्यूटी लगावे,कमेटी के अनुरोध पर आवश्यक पास जारी करे,पेयजल,प्रकाश व्यवस्था,पार्किंग,भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान रखे।दरगाह कमेटी बुलन्द दरवाजा पर मेडल डिक्टेटर,सीसी टीवी केमरे लगाए,विडियो ग्राफी, 50 स्वयं सेवक,बेरिकेटिंग,बिजली हेतु जनरेटर, पुलिस चैकी व जहां पर बेरिकेंटिंग बोर्ड,मायक व्यवस्था,बेनर,स्टीकर आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। इस बैठक मे तहसीलदार जगदीश बामनिया,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. रामसिंह चुंडावत, पीडब्ल्यू कनिष्ठ अभियंता बंटी प्रजापत,पीएचईडी एईएन फूल सिंह मीणा,विद्युत विभाग सहायक अभियंता मुनीश कावंत,मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कपासन डॉ. महेन्द्र कुमार शर्मा, एएसआई सुभाष यादव,महिला बाल विकास विभाग से रजनी जैन,अधिशाषी अधिकारी नपा कपासन भानूप्रताप सिंह राणावत,दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी, सदस्य अब्दुल वहीद अंसारी,अशफाक तुर्किया, सैयद अख्तर अली,हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी, असलम शैख ने बैठक मे भाग लिया।

# इलाज के नाम पर तांत्रिक ने ली जान

## कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर उतरा माली सैनी समाज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जिले के सुल्तानपुर कस्बे में तांत्रिक की पिटाई से व्यक्ति की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले को लेकर सोमवार को माली सैनी समाज के लोग सड़क पर उतरे। कोटा रेंज आईजी ऑफिस पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया और तांत्रिक के खिलाफ हत्या की धारा में मामला दर्ज करने व अन्य दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार माली सैनी समाज के बृज मोहन को बीमारी के चलते उनके परिजन इलाज करवाने सुल्तानपुर गए थे। वहां तांत्रिक रामजी गुर्जर ने इलाज के नाम पर बृज मोहन के हाथ-पैर बांधकर शराब के नशे में 4 दिन तक बेहरमी से डंडों से पिटाई की। बृजमोहन के शरीर से मांस निकलने लगा और इलाज के दौरान मौत हो गई।

सोमवार को आईजी को ज्ञापन देकर तांत्रिक रामजी गुर्जर के खिलाफ हत्या की धारा में मामला दर्ज करने की मांग की है। साथ ही जिन पुलिसकर्मियो ने मामले में लापरवाही बरती उनके खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है।

### ये था मामला

बापू नगर कुन्हाड़ी निवासी बृज मोहन कुछ समय से दिमागी रूप से परेशान था। परिजन झांड़ फूंक तंत्र विद्या से इलाज करवाने 21 जुलाई को सुल्तानपुर में तांत्रिक रामजी गुर्जर के पास गए थे। रामजी गुर्जर ने इलाज का 11500 रूपए का खर्च बताया। इलाज के नाम पर शराब के नशे डंडों से मारपीट की। मारपीट की घटना बृजमोहन के बेटे हरिशंकर ने अपने मोबाइल में कैद की थी। बृज मोहन की मौत के बाद बेटे हरिशंकर ने ग्रामीण एसपी को परिवाद देकर मामले में कार्रवाई की मांग की थी।

# पीईईओ धनौरा क्षेत्र के विधालयो मे लगाये गये दो हजार पौधे

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अन्तर्गत पीईईओ धनौरा क्षेत्र के विधालयो मे सघन वृक्षारोपण किया गया। महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय धनौरा के प्रधानाचार्य राजकुमार उपाध्याय ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार धनौरा मे एक हजार, गडरपुरा मे तीन सौ, करेरुआ मे 250, उमरी मे 200, करेरुआ का पुरा मे 200, सौहांस मे बीस, रजापुर मे बीस, जहानपुर मे दस पौधे लगाए गए। इनमे आम, अमरूद, नींबू, आंवला, कटहल, लिहसोडा, करंज, गुलमोहर नीम, बिल्व पत्र, गुलाब, कनेर, अशोक, पीपल के पौधे लगवाए गये। ये दो हजार पौधे खानपुर और हिंगोट्या नर्सरी से मंगाये गये।

प्रत्येक विधालय के छात्र-छात्राओ और स्टाफ सदस्यो को पांच-पांच पौधे देकर, विधालय परिसर, खेल मैदान, निजी भूमि पर ये पौधे लगवाए गये, छात्र-छात्राओ ने एक पेड मां के नाम, शेष पौधे परिवार के सदस्यो के नाम से लगाये।सभी पौधो की जियो टेगिंग की गई है, तथा पौधो की सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेवारी छात्र-छात्राओ और परिवार के सदस्यो ,स्टाफ सदस्यो और कक्षाध्यापको को दी गई। प्रत्येक विधालय मे एक वृक्षारोपण प्रभारी नियुक्त कर, वृक्षारोपण का रजिस्टर संधारित कराया गया जिसमे पौधो के नाम लिखकर छात्र-छात्राओ को आवंटित किया गया।

# हाइप्रोफाइल अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 1 सितंबर को, रजिस्ट्रेशन फॉर्म का हुआ विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति कोटा संभाग के तत्वावधान में विशाल 25बां हाई प्रोफाइल अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन 1 सितंबर को बूंदी रोड स्थित अग्रवाल होटल एवं रिजॉर्ट पर आयोजित किया जाएगा। संभाग महामंत्री संजय गोयल व महामंत्री गजानंद सिंघल, संभाग अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि परिचय सम्मेलन के रजिस्ट्रेशन फॉर्म का विमोचन सोमवार को नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला के द्वारा किया गया।

विमोचन समारोह में समाजसेवी संदीप अग्रवाल चांदीवाला, हरिप्रसाद अग्रवाल, विमल कुमार जैन, एवं विशेष अतिथि महेशचंद अजमेरा (प्रदेश अध्यक्ष) अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा पूर्वी राजस्थान, सुरेशचंद काबरा (जिला अध्यक्ष) माहेश्वरी समाज कोटा, ओम गट्टानी (जिला मंत्री) प्रमोद भंडारी सेवा संस्थान नया कोटा, संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, डीके मित्तल, कमला मित्तल, वर्षा गुप्ता, राजदुलारी गोयल, गुंजन अग्रवाल, आशा एवं समाज के वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राजेश बिरला द्वारा अग्रवाल समाज के कार्यक्रम को सहराना करते हुए कहा कि हर प्रत्याशी के अभिभावक को एक मंच उपलब्ध कराकर अपने बच्चों के लिए सुयोग्य जीवन साथी ढूंढने का अवसर प्राप्त होगा। अग्रवाल समाज ऐसे कई महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। जिसकी पूर्ति अन्य समाज नहीं कर पता है। मैं आगामी आने वाले सभी अभिभावक को निवेदन करूंगा के इस मंच के माध्यम से समाज की गरिमा बढ़ाएं और अपने बच्चों का जीवन साथी ढूंढे में सभी को तह दिल से बधाई देता हूं।

# शहर में भूखंडो में भरे पानी की निकासी हो और उन्हें जीवाणु रहित किया जाये

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** भाजपा कोटा संभाग मीडिया संयोजक अरविन्द सिसोदिया एवं पूर्व जिला मंत्री राजेंद्र जैन ने जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी से मिल कर शहर के भूखंडों में भरे पानी की निकासी एवं उन्हें जीवाणु रहित करने की मांग की है। भाजपा नेताओं नें बताया कि कोटा शहर में खाली पड़े हुए प्लाटों, भूखंडों में भरे पानी की निकासी और जीवाणु रहीत करना अत्यंत आवश्यक है अन्यथा यह जमा पानी संक्रामक रोगों का कारण बनेगा। जिला कलक्टर नें शीघ्र कार्यवाही करवाये जाने का आश्वासन दिया है। सिसोदिया और जैन ने बताया कि कोटा शहर स्थिति रंगबाड़ी विस्तार योजना में निर्मित मकानों के पीछे बहुत से खाली भूखंड पड़े हुए हैं, इनमें भारी मात्रा में पानी जमा है, पानी पर काई छाई हुई है और पेड़ पौधे भी उगे हुए हैं। इससे वहां रहने वाले लोगों को संक्रमण एवं जीवाणुओं का खतरा हमेशा बना रहता है जो की जीवन और स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। इस तरह की स्थिति पूरे कोटा शहर में कमोवेश सभी जगह है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के निवारण के लिए रंगवाड़ी विस्तार योजना सहित कोटा शहर की तमाम आबादी क्षेत्र में एक व्यापक सर्वे की आवश्यकता है। जिसे नगर निगम के जमादारों के माध्यम से करवाया जा सकता है, कि किस भूखंड पर, किस जमीन पर, पानी भरा हुआ है।उसके निकासी की क्या व्यवस्था है,उसे भूखंड का धारक कौन है,इन सब की एक सूची, एक डाटा वर्तमान समय में तैयार किया जा सकता और जिसका उपयोग भविष्य में भी हो सकता है।

उसके द्वारा पानी से भरे हुए प्लाटों का पानी खाली करने की व्यवस्था की जा सकती है। सिसोदिया और जैन ने कहा कि पूरे शहर में इस तरह के प्लांट्स/भूखंडों को चिन्हित करना, उन में मिट्टी आदि भरवाना, समतल करवाना, पानी की निकासी की व्यवस्था करना, इन सारी व्यवस्थाओं को लेकर के चिंता करने का विषय, कोटा विकास प्राधिकरण एवं कोटा की दोनों नगर निगमों का कर्तव्य है यह सिस्टम की जिम्मेवारी भी है जवाबदेही भी है।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर उचित मूल्य दुकानदारों द्वारा ज्ञापन सौंपने सहित 5वें दिन आंदोलन जारी



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** राजस्थान राज्य राशन विक्रेता संघर्ष समिति के आव्हान पर स्थानीय संघर्ष समिति का आंदोलन 5वें दिन जारी रहा।जिसमे संघर्ष समिति के आह्वान पर 47 राशन डीलरों ने प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप बारेगामा एवं तहसील अध्यक्ष नारायणलाल शर्मा की अगुवाई में मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार को ज्ञापन देकर समस्याओं के त्वरित निराकरण का अनुरोध किया गया।ज्ञापन में बताया कि राजस्थान में कई वर्षों से राशन डीलर्स उपभोक्ताओ को गेंहू वितरण कर सेवा करते आ रहे है। जिसने कोरोनाकाल व अन्य आपदा या महामारी में राशन डीलर्स द्वारा हमेशा राज्य सरकार का सहयोग किया जाता है।खाद्य विभाग के आदेशों से विक्रेता को मानसिक आघात पहुँच रहा है।जिसके कारण राशन डीलर स्व. रामेश्वर मीणा को मानसिक आघात पहुंचा व हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई।सरकार मानवीय मूल्य को दृष्टिगत रख उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व 50 लाख का मुआवजा देने का अनुरोध किया गया।ज्ञापन में बताया कि राजस्थान के उचित मूल्य दुकानदार 1 अगस्त से चार सूत्रीय मांगो को लेकर कार्य बहिष्कार पर है।जिसके सम्बन्ध में सरकार व प्रशासन द्वारा हमारी मांगो पर कोई विचार नही किया गया।इसके विपरीत प्रशासन द्वारा उचित मूल्य दुकानदारो के स्थान पर जीएसएस एवं अन्य संगठनो के द्वारा राशन वितरण करने के आदेश जारी किये है।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# संसद सत्र का 11वां दिन : विपक्ष ने पूछा- सहारा ग्रुप के कितने निवेशकों को पैसा वापस मिला, वित्त मंत्री बोलीं- कोर्ट में जाकर पूछिए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद के मानसून सत्र का सोमवार को 11वां दिन था। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान सीकर (राजस्थान) से सीपीआई सांसद अमरा राम ने पूछा कि सहारा ग्रुप में निवेश करने वाले कितने लोगों को पैसा वापस किया और कितना किया? इस पर पहले वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि अभी तक 138 करोड़ रुपए वापस किए जा चुके हैं। अमरा राम इस पर संतुष्ट नहीं हुए और दोबारा सवाल किया। इस बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं- कोर्ट में जाकर पूछिए।

वित्त मंत्री बोलीं- सुप्रीम कोर्ट हमें सुपरवाइज कर रहा है। हमारे ऊपर हाथ उठाने का कोई फायदा नहीं है। सरकार निर्णय नहीं कर सकती। कोई सदस्य बाहर जाकर यह न बोले कि सरकार पैसे नहीं दे रही है। सरकार हाथ जोड़कर बुला रही है कि लोग कागजात के साथ आएं। हम पैसा देने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि सिरियस फ्रॉड इन्वेस्टीगेशन ऑफिस रिफन्ड मामले की पूरी जांच कर रहा है।




इसका पता लगाया जा रहा है कि आखिर बड़ी संख्या में निवेशक कंपनी में निवेश किए गए पैसे वापस लेने आगे क्यों नहीं आ रहे हैं। इस पूरे मामलें की निगरानी सुप्रीम कोर्ट कर रहा है और सरकार भी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर काम कर रहा है।


### सूत्रों का दावा- पहले राज्य सभा में पेश होगा वक्फ बोर्ड संसोधन

वक्फ बोर्ड की पावर्स को सीमित करने के लिए सरकार वक्फ बोर्ड अमेंडमेंट बिल को सबसे पहले राज्य सभा में पेश कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, ये कहा जा रहा है कि 12 अगस्त को बजट सत्र खत्म होने से पहले ही संशोधन प्रस्ताव पेश हो सकता है। सूत्रों में ये भी दावा किया जा रहा है कि, सरकार ने संशोधन लाने से पहले कई मुस्लिम बुद्धिजीवियों और संगठनों से विचार-विमर्श किया गया है। वक्फ बोर्ड एक्ट में लगभग 32-40 संशोधनों पर विचार किया जा रहा है।

### 1995 और फिर 2013 में वक्फ बोर्ड की पावर्स बढ़ाई गई

वक्फ एक्ट को पहली बार 1954 में संसद द्वारा पारित किया गया था। इसके बाद, इसे निरस्त कर दिया गया और 1995 में एक नया वक्फ एक्ट पारित किया गया, जिसमें वक्फ बोर्ड को ज्यादा अधिक अधिकार दिए गए। 2013 में, इस अधिनियम में फिर संशोधन किया गया और वक्फ बोर्ड को संपत्ति को वक्फ संपत्ति के रूप में नामित करने का अधिकार दिए गया। अब सूत्रों के अनुसार सरकार प्रस्तावित संशोधन में वक्फ बोर्ड के लिए जिला कलेक्टर के कार्यालय में अपनी संपत्ति पंजीकृत कराना अनिवार्य किया जा सकता है। इससे संपत्ति का मूल्यांकन किया जा सकेगा। इसके अलावा संशोधनों में केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य के बोर्ड में महिलाओं का प्रतिनिधित्व भी बढ़ाया जा सकता है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1948 में संशोधन करने के लिए तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक राज्यसभा में पेश करेंगे। इधर कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया है।

## जम्मू-कश्मीर से 370 हटाने के 5वीं वर्षगांठ पर बोले अमित शाह : जमीनी स्तर पर मजबूत हुआ लोकतंत्र



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से वंचित वर्गों के लिए सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत हुई है और क्षेत्र में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत हुआ है। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के पांच साल पूरे होने पर, शाह ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं ने सामाजिक-आर्थिक विकास और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को प्रेरित किया है, जिससे शांति और व्यापक विकास को बढ़ावा देने के नरेंद्र मोदी सरकार के प्रयास एक शानदार प्रयास बन गए हैं। शाह ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि आज पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 और 35ए को ऐतिहासिक रूप से हटाए जाने के पांच साल पूरे हो गए हैं। इस परिवर्तनकारी निर्णय ने हाशिए पर मौजूद वर्गों के सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत की है और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत किया है। उन्होंने आगे लिखा कि क्षेत्र के युवाओं ने सामाजिक-आर्थिक विकास और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को प्रेरित किया है, जिससे शांति और व्यापक विकास को बढ़ावा देने के मोदी सरकार के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। भाजपा नेता ने कहा कि हम इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मोदी को धन्यवाद देते हैं और क्षेत्र की आकांक्षाओं और परिवर्तनकारी प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि करते हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी ने अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाए जाने के पांच साल पूरा होने के मौके पर सोमवार को सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह कदम देश के लोकतंत्र और जम्मू-कश्मीर के लिए ठीक नहीं था।

## ममता बनर्जी ने शांति की अपील की, कहा- केंद्र सरकार जो भी फैसला लेगी, हम उसके साथ



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** शेख हसीना के बांग्लादेश की पीएम पद से इस्तीफा देने और वहां अंतरिम सरकार बनाने की खबर पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि मैं बंगाल के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि यह दो देशों के बीच का मामला है, केंद्र सरकार जो भी फैसला लेगी हम उसका समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस मुद्दे पर निर्णय लेगी कि इस मुद्दे पर कैसे संपर्क किया जाए और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से अपील की जाती है कि वे भड़काऊ टिप्पणियां करने से बचें जो बंगाल या देश में शांति को बाधित कर सकती हैं।

ममता ने कहा कि कुछ भाजपा नेता पहले ही इस पर टिप्पणी कर चुके हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। बीजेपी नेता लॉकेट चटर्जी ने कहा कि बांग्लादेश में पिछले कुछ दिनों से हो रहे विरोध प्रदर्शनों में कई लोगों की मौत हो गई। हम मीडिया से सुन रहे हैं कि बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना भारत आई हैं क्योंकि उनका भी मानना है कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल बांग्लादेश के साथ सांस्कृतिक और भाषाई संबंध साझा करता है। हम यथाशीघ्र सामान्य स्थिति लौटने की आशा करते हैं। जरूरत पड़ने पर हमारे पीएम इस मामले में जरूर दखल देंगे। बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे चुकीं शेख हसीना के लंदन रवाना होने की जानकारी है। मामले के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

## सरकार जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख के लोगों को विश्वास दिलाया कि केंद्र सरकार उनके लिए काम करती रहेगी और आने वाले समय में उनकी आकांक्षाओं को पूरा करेगी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देश की संसद द्वारा पांच साल पहले आज ही के दिन संविधान के अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त कर दिया गया था जो हमारे देश के इतिहास में एक 'ऐतिहासिक क्षण' था। उन्होंने कहा, ''यह जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख में प्रगति और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत थी। इसका मतलब था कि भारत के संविधान को इन स्थानों पर, संविधान बनाने वाले महान पुरुषों और महिलाओं की दृष्टि के अनुरूप अक्षरशः लागू किया गया।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ ही उन महिलाओं, युवाओं, पिछड़ों, आदिवासियों और हाशिए के समुदायों को सुरक्षा, गरिमा और अवसर मिला जो विकास के लाभ से वंचित थे। उन्होंने कहा कि साथ ही इसने यह सुनिश्चित किया कि जम्मू एवं कश्मीर को भ्रष्टाचार से दूर किया जाए जिसने दशकों से इस पूर्ववर्ती प्रदेश को त्रस्त कर रखा था। उन्होंने कहा, ''मैं जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि हमारी सरकार उनके लिए काम करती रहेगी और आने वाले समय में उनकी आकांक्षाओं को पूरा करेगी।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की विकासकर्ताओं के साथ बैठक

## ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा राजस्थान, पम्प भण्डारण परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार लाएगी नीति : सीएम शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में नवीकरणीय ऊर्जा का अहम योगदान है। इसलिए राज्य सरकार प्रदेश में पम्प भण्डारण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने के लिए नीति लाने जा रही है। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में विभिन्न विकासकर्ताओं के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन एवं पर्यावरण संरक्षण में पम्प भण्डारण परियोजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान है।

ऐसी परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार एक स्पष्ट और ठोस नीति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी नीति से निवेशकों को पम्प भण्डारण परियोजनाओं की स्थापना एवं संचालन के संबंध में स्पष्ट मार्गदर्शन मिलेगा और वे इस क्षेत्र में निवेश करने के लिए आकर्षित होंगे। उन्होंने विकासकर्ताओं से कहा कि वे अपने सुझाव राज्य सरकार को प्रेषित करें जिनका उचित परीक्षण कर राज्य सरकार आगामी नीति में शामिल करेगी।

**7100 मेगावाट की परियोजनाओं के लिए निगम ने चिन्हित किए स्थान :** बैठक में राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पम्प भण्डारण परियोजनाओं की प्रगति के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम ने प्रदेश में 8 संभावित स्थानों पर 7100 मेगावाट की पम्प भण्डारण परियोजनाओं का चिन्हीकरण किया है। साथ ही, कई विकासकर्ता भी पम्प भण्डारण परियोजनाओं से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राजस्थान विंड एंड हाइब्रिड एनर्जी पॉलिसी- 2019 एवं राजस्थान अक्षय ऊर्जा नीति- 2023 के प्रावधानों के अंतर्गत पम्प भण्डारण परियोजनाओं पर कार्य किया जाता है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण श्रीमती अपर्णा अरोरा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं निजी विकासकर्ताओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## राजस्थान में बढ़ सकती हैं बिजली की कीमत

### उर्जा मंत्री बोले- कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन के चलते बिजली उत्पादन की कीमत बढ़ गई है



बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान में जल्द बिजली की दरें बढ़ सकती हैं। यह संकेत सोमवार को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने दिए। नागर ने कहा- पिछली कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन के चलते बिजली उत्पादन की कीमत बढ़ गई हैं। इसका बोझ भी आम उपभोक्ता पर ही पड़ने वाला है। लेकिन इसकी जिम्मेदार पिछली कांग्रेस सरकार होगी। उन्होंने कहा- बिजली कंपनियों की फिक्स और वेरिबल कोस्ट होती है। पिछली कांग्रेस सरकार ने महंगा और इम्पोर्टेड कोयला खरीदा। इससे उत्पादन निगम की वेरिबल कोस्ट बढ़ी। वहीं, गहलोत सरकार ने रबी की फसल के समय जो बिजली बैंकिंग से उधार ली थी। वो बिजली हमें महंगे दामों में खरीदकर लौटानी पड़ रही है। इससे भी कंपनियों की कोस्ट बढ़ी है। कीमत बढ़ने पर हमें नियमों के तहत राजस्थान विद्युत नियामक आयोग में याचिका दायर करनी पड़ेगी। उसका जो भी निर्णय होगा। उसकी हमें पालना करनी पड़ेगी।

### अभी जो फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया, उसकी जिम्मेदार भी कांग्रेस

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा- अभी जो फ्यूल सरचार्ज हमने बढ़ाया है। उसके लिए भी पिछली कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। कांग्रेस के शासनकाल में बिजली उत्पादन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। महंगी दर पर कोयला और बिजली खरीदी गई। इसकी वजह से प्रति यूनिट की कोस्ट बढ़ गई। इसके चलते हमें फ्यूल सरचार्ज बढ़ाना पड़ा।फिर भी हमने आम उपभोक्ताओं पर ज्यादा बोझ नहीं डाला है। हमने 15 रुपए से लेकर 55 रुपए तक फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया है। लेकिन हमने बिजली दर नहीं बढ़ाई।

### हम उत्पादन बढ़ाने पर कर रहे फोकस

ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर ने कहा- पिछले कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में किसी भी तरह से बिजली उत्पादन बढ़ाने की दिशा में कोई काम नहीं किया। लेकिन हमारी सरकार ने आते ही केंद्र सरकार के उपक्रमों के साथ एमओयू किए हैं। अभी दो दिन पहले ही कैबिनेट ने केंद्रीय उपक्रमों के साथ जॉइंट वेंचर करने की अनुमति भी हमें दी है। अब प्रदेश में तेजी से बिजली का उत्पादन बढ़ेगा।

### अग्निवीरों की शहादत पर कारगिल पैकेज देगी राजस्थान सरकार:पत्नी को 25 लाख नकद, 25 बीघा नहरी जमीन

**जयपुर।** राजस्थान में अग्निवीरों की शहादत पर अब राज्य सरकार परिवार को कारगिल पैकेज देगी। राज्य सरकार ने शहीदों को दिए जाने वाले पैकेज में अग्निवीरों को भी शामिल किया है। सोमवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के सवाल के लिखित जवाब में सरकार ने अग्निवीरों के लिए सुविधाएं देने की घोषणा की है।

शहीद अग्निवीर की पत्नी को कारगिल पैकेज के तहत 25 लाख नकद, 25 बीघा नहरी जमीन या एमआईजी का मकान, सरकारी नौकरी, बच्चों की फ्री शिक्षा, माता-पिता को 5 लाख की एफडी, रोडवेज में फ्री यात्रा की सुविधा मिलेगी। अग्निवीर के स्थायी विकलांग होने की स्थिति में भी सरकार कारगिल पैकेज जैसी सुविधा देगी। सरकार ने कहा- अग्निवीर भी सशस्त्र सेनाओं का अंग है। उसे बैटल कैज्युअल्टी (फैटल) घोषित किया जाता है तो अग्निवीर को भी कारगिल पैकेज के तहत दी जाने वाली सभी सुविधाएं लागू होगी।

## जम्मू-कश्मीर में 5 आतंकवादी गिरफ्तार

### अनंतनाग में 3 और पुलवामा में 2 आतंकी अरेस्ट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सोमवार को तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों के ज्वाइंट चेकिंग ऑपरेशन में तीनों को हिरासत में लिया गया। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद मिले हैं। इसमें मैगजीन सहित एक पिस्तौल, गोलियां, ग्रेनेड, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस शामिल हैं। इसके अलावा पुलवामा के अवंतीपोरा से 2 आतंकियों की गिरफ्तारी हुई है। इनके पास से एक पिस्तौल, 2 मैगजीन और गोला-बारूद मिला है। वहीं, 4-5 अगस्त की रात अखनूर और सुंदरबनी सेक्टर्स में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास घुसपैठ की कोशिश हुई, जिसे सेना ने नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि के बाद सेना ने रात डेढ़ बजे गोलीबारी की। इलाके में अतिरिक्त बल तैनात किया गया और ड्रोन से निगरानी की जा रही



है। इससे पहले, सुंदरबनी-नौशेरा सेक्टर में भी रात 12.30 बजे संदिग्ध गतिविधि देखी गई थी।

**सुरक्षा के चलते अमरनाथ यात्रा स्थगित :** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 और 35 ए हटने के पांच साल आज पूरे हो गए हैं। इसके चलते सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा कारणों से अमरनाथ यात्रा भी एक दिन के लिए स्थगित कर दी गई है। पवित्र अमरनाथ यात्रा 29 जून से 19 अगस्त तक चलेगी। 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 के तहत राज्य का मिला स्पेशल स्टेटस खत्म हो गया था। साथ ही राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया गया था।

**जम्मू में जैश और लश्कर का 20 साल पुराना नेटवर्क एक्टिव :** जम्मू रीजन में सेना ने 20 साल पहले आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा का लोकल नेटवर्क निष्क्रिय कर दिया था, लेकिन अब वह फिर एक्टिव हो गया है। पहले इस नेटवर्क में शामिल लोग आतंकियों का सामान ढोने का काम करते थे।

## इलेक्शन कमीशन बोला-चुनाव को बदनाम करने की कोशिश की गई

### इलेक्टोरल डेटा और नतीजे कानूनन सही; कांग्रेस ने गड़बड़ी के आरोप लगाए थे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने रविवार (4 अगस्त) को कहा कि अब तक के सबसे बड़े चुनाव को बदनाम करने के लिए कुछ झूठा कैंपेन चलाया जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव सबसे ज्यादा ट्रांसपेरेंट तरीके से कराए गए हैं। चुनाव के हर चरण में उम्मीदवारों और स्टेकहोल्डर्स को शामिल किया गया है। इलेक्टोरल डेटा और रिजल्ट कानून के तहत वैधानिक प्रक्रियाओं के अनुसार है। दरअसल, इससे एक दिन पहले 3 अगस्त को कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वोट फॉर डेमोक्रेसी नाम के एक संगठन की रिपोर्ट के हवाले से दावा किया था कि चुनाव की कांउटिंग में गड़बड़ी हुई है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
[M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
[M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )